रजिस्ट्री सं. डी. एल. 33001/95

REGISTERED No. DL—33001/95

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 6] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 11, 1995 (माघ 22, 1916)

No. 6] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 11, 1995 (MAGHA 22, 1916)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

दी इंस्टीटियूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस आफ इन्डिया

नई दिल्ली-110002, दिनांक 02 जनवरी 1995

नं० 13-सी. ए. (परीक्षा)/एम/95—चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस रेगूलेशन 1988 के रेगूलेशन 22 के अनुसार दि कौंसिल आफ दि इंस्टीटियूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस आफ इंडिया को नोटिफाइ करने में प्रसन्नता है कि फाउन्डेशन, इंटरमीडिएट (नया पाठ्यक्रम) और फाइनल की परीक्षाएं निम्नलिखित तिथियों तथा केन्द्रों पर होंगी बशर्ते कि प्रत्येक केन्द्र में परीक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में परीक्षार्थी उपस्थित होते हैं।

फाउन्डेशन परीक्षा—6, 8, 9 और 10 मई, 1995

इंटरमीडिएट परीक्षा—(नया पाठ्यक्रम-चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस रेगुलेशन 1988 के शैड्यूल "बी" और अनुच्छेद "2 ए" के अनुसार)

ग्रुप 1 : 2, 3 और 4 मई, 1995

ग्रुप 2 : 5, 6 और 8 मई, 1995

फाइनल परीक्षा :

ग्रुप 1 : 2, 3, 4 और 5 मई, 1995

ग्रुप 2 : 6, 8, 9 और 10 मई, 1995

परीक्षा केन्द्र :

1. आगरा
2. अहमदाबाद
3. इलाहाबाद
4. अम्बाला
5. बंगलौर
6. बड़ौदा
7. बेलगांव
8. भोपाल
9. बम्बई
10. कलकत्ता

11. कालीकट
12. चण्डीगढ़
13. कोयम्बटूर
14. कटक
15. दिल्ली/नई दिल्ली
16. इरनाकुलम
17. गोहाटी
18. गाजियाबाद
19. हैदराबाद
20. इंदौर
21. जयपुर
22. जम्मू
23. जोधपुर
24. कानपुर
25. काठमांडू (नेपाल)
26. कोट्टायाम
27. लखनऊ
28. लुधियाना
29. मद्रास
30. मदुराई
31. मंगलौर
32. मेरठ
33. मस्कट
34. मैसूर
35. नागपुर
36. नासिक
37. पटना
38. पूना
39. रायपुर
40. राजकोट
41. सेलम
42. सूरत
43. तिरुचिरापल्ली
44. त्रिचूर
45. त्रिवेन्द्रम
46. उदयपुर
47. विजयवाड़ा
48. विशाखापटनम
49. यमुनानगर

केवल इंटरमीडिएट और फाइनल की परीक्षाएं काठमांडू (नेपाल) और मस्कट केन्द्रों पर होंगी।

परीक्षा शुल्क की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा इंस्टीट्यूट के सचिव के पक्ष में होनी चाहिए और उसकी अदायगी नई दिल्ली पर हो।

परिषद अपने विशेषाधिकार के अन्तर्गत किसी भी परीक्षा केन्द्र को बिना कोई कारण रद्द कर सकती है।

उक्त परीक्षाओं के लिए आवेदन निर्धारित आवेदन पत्रों पर ही दिया जाना चाहिए, जो कि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया के वरिष्ठ उप सचिव (परीक्षा) के इन्द्रप्रस्थ मार्ग, नई दिल्ली स्थित कार्यालय से 5 रुपये प्रति आवेदन पत्र भुगतान करने उपर्युक्त प्रमाण पत्रों और शुल्क के साथ डिमान्ड ड्राफ्ट लगाकर आवेदन पत्र इस प्रकार भेजा जाना चाहिए कि वह वरिष्ठ उप सचिव (परीक्षा) के कार्यालय में 3-3-1995 तक पहुंच जाय। आवेदन पत्र वरिष्ठ उप सचिव (परीक्षा) के दिल्ली कार्यालय में 3-3-1995 के बाद 10-3-1995 तक 50/- रुपये विलम्ब शुल्क के साथ भी स्वीकार किए जाएंगे। 10-3-1995 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र इंस्टीट्यूट के कार्यालय नई दिल्ली में स्वयं भी आकर दिया जा सकता है या रीजनल काउंसिलों के बम्बई, मद्रास, कलकत्ता, कानपुर तथा ब्रांच अहमदाबाद, बंगलौर, हैदराबाद और पूना के कार्यालयों में 3-3-1995 तक जमा कराया जा सकता है। इन नगरों में रहने वाले परीक्षार्थियों को इस सुविधा का फायदा उठाने की सलाह दी जाती है।

विभिन्न परीक्षाओं के लिए देय शुल्क इस प्रकार है :—

फाउन्डेशन परीक्षा

शुल्क	रु० 250/-

इंटरमीडिएट परीक्षा

दोनों ग्रुपों के लिए	रु० 350/-
केवल एक ग्रुप के लिए	रु० 200/-
"इकाई यूनिट एक	रु० 200/-
"इकाई यूनिट दो	रु० 200/-
"इकाई यूनिट तीन	रु० 150/-
"इकाई यूनिट चार	रु० 200/-

"इकाई यूनिट शब्दावली का आशय पेपर्स के उस समूह से है जिसे उन अभ्यर्थियों (कैंडीडेटस) को जो चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस नियमावली की अनुसूची "बी" के अनुच्छेद 2 "अ" में निर्दिष्ट पाठ्यक्रम के अन्तर्गत परीक्षा आरम्भ होने से पूर्व दोनों ग्रुपों को पास नहीं कर सके हैं और एक ही ग्रुप में उत्तीर्ण हुए हैं, परीक्षा में बैठना है, और पास करना है।

फाइनल परीक्षा

केवल एक ग्रुप के लिए	रु० 225/-
दोनों ग्रुपों के लिए	रु० 400/-
विशेष वर्ग (केवल पर्चा 4 या 5)	रु० 100/-
विशेष वर्ग (केवल पर्चा 4 और 5)	रु० 175/-

काठमांडू केन्द्र से बैठने वाले इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षार्थियों को रु० 500/- या उसके सममूल्य की विदेशी मुद्रा शुल्क

अदा करना पड़ेगा चाहे वे इंटरमीडिएट/फाइनल परीक्षा के एक पेपर एक ग्रुप, एक यूनिट या दो ग्रुपों में बैठ रहे हैं।

मस्कट केन्द्र से बैठने वाले इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षा परीक्षार्थियों का क्रमश $ 30 और $ 40 या इसके सम मूल्य की भारतीय मुद्रा का शुल्क अदा करना पड़ेगा चाहे वे इंटरमीडिएट/फाइनल परीक्षा के एक पेपर या एक ग्रुप या एक इकाई (यूनिट) या दो ग्रुपों में बैठ रहे हों।

हिन्दी में उत्तर लिखने की एच्छिकता

फाउन्डेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के उम्मीदवारों को उत्तर हिन्दी माध्यम से भी देने की सुविधा दी जाती है। विस्तृत जानकारी आवेदन पत्र के साथ संलग्न सूचना पत्र में उपलब्ध है।

जगदम्बा प्रसाद, वरिष्ठ उप सचिव (परीक्षा)

नई दिल्ली-110002, दिनांक 27 जनवरी 1995

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस)

सं० 1-सीए० (7)/28/95—चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस विनियम, 1988 को संशोधित करने हेतु, कुछ विनियमों में संशोधन का निम्नलिखित मसविदा, जिन्हें कि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस आफ इंडिया की परिषद्, चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस अधिनियम 1949 की धारा 30 की उप-धारा (3) जिसे कि चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस अधिनियम 1949 (1949 की 38वां) की धारा 30 की उपधारा (2) के क्लाज (जे) के साथ पढ़ा जाए, के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए, केन्द्र सरकार की अनुमति हेतु, प्रस्तावित करती है एवं कथित अधिनियम की धारा 30 की उपधारा (3) की व्यवस्थाओं के अनुसार इससे प्रभावित होने वाले समस्त व्यक्तियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है तथा एतद्द्वारा घोषित किया जाता है कि कथित मसविदे को, राजकीय राजपत्र, जिसमें कि ये अधिसूचना छपी है कि प्रतियां आम जनता को उपलब्ध होने की तिथि से पैंतालीस दिनों की अवधि के समाप्त होने पर अथवा उसके बाद विचार हेतु किया जायेगा।

इस तरह निर्धारित अवधि की समाप्ति से पूर्व, कथित विनियमों के मसविदे से संबंधित, किसी भी व्यक्ति से प्राप्त किसी आपत्ति अथवा सुझाव पर, कथित परिषद द्वारा विचार किया जायेगा।

आपत्तियां अथवा सुझाव, यदि कोई हों, तो उन्हें, सचिव, दि इंस्टीटयूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस आफ इंडिया, पोस्ट बॉक्स संख्या 7100, इन्द्रप्रस्था मार्ग, नई दिल्ली-110002 को प्रेषित किये जायें।

विनियमों का मसविदा

1. इन विनियमों को चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस (संशोधन) विनियम, 1995 कहा जायेगा।

2. चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस विनियम 1988 में—

(1) विनियम 48 में, उप विनियम (1) को निम्नलिखित से बदल दिया जायेगा, नामतः

"(1) प्रत्येक नियोक्ता जो कि एक आर्टिकल्ड क्लर्क को नियुक्त करता है, ऐसे क्लर्क को आर्टिकल्ड का सामान्य कार्य स्थान जहां स्थित है, उस स्थान के अनुसार प्रत्येक माह, निम्न निर्धारित दरों पर, न्यूनतम मासिक वृत्तिका देगा :—

आर्टिकल्ड क्लर्क के कार्य के स्थान का विवरण	प्रथम वर्ष के प्रशिक्षण के दौरान	द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षण के दौरान	शेष अवधि के प्रशिक्षण के दौरान
(अ) 20 लाख की जनसंख्या से अधिक वाले शहर/कस्बे	रू० 300/-	रू० 450/-	रू० 600/-
(ब) 20 लाख से कम तथा 3 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर/कस्बे	रू० 200/-	रू० 300/-	रू० 450/-
(स) 3 लाख से कम जनसंख्या वाले शहर/कस्बे	रू० 150/-	रू० 250/-	रू० 350/-

बशर्ते कि, आर्टिकल्ड क्लर्क को इन विनियमों के तहत उसके इंटरमीडिएट परीक्षा पास करने पर, शहरों/कस्बों के संदर्भ में वृत्तिका की दरों का उपरोक्त वर्गीकरण के अलावा, परीक्षा परिणाम के घोषित होने की तिथि के अगले महीने के प्रथम दिन से 200/- रुपये प्रति माह की दर से अतिरिक्त वृत्तिका देनी होगी।

बशर्ते यह भी कि, इस विनियम के बावजूद भी, एक आर्टिकल्ड क्लर्क अतिरिक्त लिये गये अवकाश के लिये, इस विनियम के अंतर्गत किसी भी वृत्तिका के लिये हकदार नहीं होगा।

व्याख्या 1 : इस विनयम के अन्तर्गत, वृत्तिका किस दर से देय होगी, इसके निर्धारण के उद्देश्य हेतु, विद्यार्थी द्वारा किसी पूर्व नियोक्ता अथवा नियोक्ताओं के अधीन प्राप्त आर्टिकल्ड प्रशिक्षण की अवधि को (ऐसी कोई अवधि 1 जुलाई, 1973 से पूर्व की नहीं होनी चाहिये) भी ध्यान में लिया जायेगा।

व्याख्या 2 : इस विनियम के उद्देश्य के लिये जनसंख्या की संख्या, पिछली प्रकाशित भारत की सेन्सस रिपोर्ट के अनुसार ली जायेगी।"

(2) विनियम 68 में, उपविनियम (5) को निम्नलिखित से बदल दिया जायेगा :—

"(5) एक सदस्य, एक व्यक्ति को, निम्न रूप से निर्धारित, न्यूनतम मासिक पारिश्रमिक की शर्तों पर, जिसका निर्धारण आडिट क्लर्क के सामान्य कार्य स्थान जहां कि वह स्थित है के आधार पर किया जायेगा, तभी आडिट क्लर्क के रूप में ले सकता है जबकि ऐसा व्यक्ति था तो उसके अधीन अथवा चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस की एक फर्म जिसमें की वह सदस्य भी एक भागीदार है, के अधीन कम से कम एक साल की अवधि से वैतनिक कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहा हो :—

(क) ऐसे शहर/कस्बे जिनकी आबादी 10 लाख से ऊपर हो 1000/- रु प्रति माह

(ख) ऐसे शहर/कस्बे जिनकी आबादी 10 लाख से कम हो 700/- रू० प्रति माह

व्याख्या :—इस विनियम के उद्देश्य के लिये, जनसंख्या की संख्या, पिछली प्रकाशित भारत की सेन्सस रिपोर्ट के अनुसार ली जायेगी।

ए० के० मजूमदार
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

क्षेत्रीय कार्यालय उड़ीसा

भुवनेश्वर-751007, दिनांक 4 जनवरी 1995

सं० 44-सी-34/12/36/89-हितलाभ—एतदद्वारा यह सूचित किया जाता है कि क० रा० बी० (साधारण) विनियम 1950 के विनियम-10-ए(1)(डी) के अन्तर्गत सम-संख्यक अधिसूचना दिनांक 22-7-94 जो कि भारत सरकार के गजट दिनांक 20-8-94, भाग-3 में प्रकाशित की गई थी उसके मद 4(3) में अध्यक्ष क्षेत्रीय पार्षद क० रा० बी० निगम उड़ीसा के द्वारा श्री के. सी. दास, उप प्रबंधक कार्मिक मैसर्स ईस्ट कोस्ट ब्रूवेरीज एन्ड डिस्टलरीज लिमिटेड पाराद्वीप के नौकरी छोड़ने के कारण रिक्त स्थान पर श्री मनोरंजन नायक कार्मिक अधिकारी मैसर्स ईस्ट कोस्ट ब्रूवेरीज एन्ड डिस्टलरीज लिमिटेड को नामित किया जाता है।

यह अधिसूचना जारी होने की तारीख से प्रभावी होगा।

ए० के० सिन्हा, क्षेत्रीय निदेशक

श्रम मंत्रालय

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

केन्द्रीय कार्यालय

नई दिल्ली-110001 दिनांक 10 जनवरी, 1995

सं० 2/1995/डी. एल आई./एक्जाम/89/भाग-1/40—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2 (क) के अन्तर्गत छूट के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है)।

चूंकि मैं, के० एस० सरमा, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम, का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2 (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची-2 में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मैं, के. एस. सरमा, प्रत्येक उक्त स्थापना को प्रत्येक के सामने उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि से उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त गोवा ने स्कीम की धारा 28 (7) के अन्तर्गत ढील प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम के संचालन की छूट देता हूं।

अधिसूचना-I

क्रम सं०	स्थापना का नाम व पता	कोड सं०	छूट प्रभावी तिथि	के० भ० नि० आ० फा० सं०
1	2	3	4	5
1.	मै० केनरा फन फूड्स इंडिया, न्यू बंगलो भवन, दादा वैद्य रोड, पणजी, गोवा—403001	गोवा/10171	1-11-87 से 31-10-90 और 1-11-90 से 31-3-93	4/1/गोवा/94/ ई० डी० एल० आई०

1	2	3	4	5
2.	मै० इन्डो स्वीस जैवल्स लि०, 1 और 1 ए तिविम, इण्डस्ट्रीयल एस्टेट, गोवा–403521 ।	गोवा/10171	1–8–89 से 31–7–92 और 1–8–92 से 31–3–93	2/2/गोवा/94/ ई० डी० एल० आई०
3.	मै० सिक्सीन पैकिजिंग प्रा० लि०, केमी भवन, डा० दादा वैद्य रोड, पणजी, गोवा–403001 ।	गोवा/10246	1–2–92 से 31–3–93	2/3/गोवा/94/ ई० डी० एल० आई०
4.	मै० बाबाटाईल कारपोरेशन पोस्ट बेटिम, बोलेम्ट गोवा–403101 ।	गोवा/10126	1–9–91 से 31–3–93	2/4/गोवा/94/ ई० डी० एल० आई०
5.	मै० मानिक टाइल्स प्रा० लि०, पी० बेटिम, बीलेम्ट गोवा–403101 ।	गोवा/10304	1–9–91 से 31–3–93	2/5/गोवा/94/ ई० डी० एल० आई०
6.	मै० गामा मैग्नीज कैमीकल्स कामर्स सेन्टर 4, मंजिल डा० राजेन्द्र प्रसाद रोड, नीयर सीने वास्को, वास्को डीगामा गोवा–403802 ।	गोवा/10352	1–1–92 से 31–3–93	2/6/गोवा/94/ ई० डी० एल० आई०
7.	मै० एन० के० नाईक एसोसिएट्स वदीबेलूकर रोड, पो० आ० 125, मारगोआ, गोवा–403601 ।	गोवा/10127–ए	1–1–88 से 31–12–90 और 1–1–91 से 31–3–93	2/7/गोवा/94/ ई० डी० एल० आई०
8.	मै० चौगले एण्ड कं० लि० चौगले हाऊस, मोरेगांव, हारवोर, गोवा ।	गोवा/9729	1–12–87 से 30–11–90 और 1–12–90 से 31–3–93	2/8/गोवा/94/ ई० डी० एल० आई०
9.	मै० डीनो फारमैस्यूटिक्स लि०, फारमस्यूटिकल्स कम्पलैक्स करसवाडा मेपुसा गोवा–403507 ।	गोवा/10038	1–7–90 से 31–3–93	2/9/गोवा/94/ ई० डी० एल० आई०
10.	मै० वरोगारिया सलकेट कोरे हाऊस, नजदीक मैं ग्रोपोले सिनेमा, पो० आ० बाक्स नं० 42 मार्गो, गोवा–403601 ।	गोवा/9778	1–1–88 से 31–12–90 और 1–1–91 से 31–3–93	2/11/गोवा/94/ ई० डी० एल० आई०
11.	मै० सोसाईटिडे डी फोमन्टो इण्ड० लि० पो० बा० 31, मार्गो गोवा	गोवा/9781	1–12–89 से 30–11–92 और 1–12–92 से 31–3–93	2/13/गोवा/94/ ई० डी० एल० आई०
12	मै० एक्युरियस प्रा० लि०, सी–2 डी कोसम्बी बिल्डिंग, स्वतन्त्रता पथ, वास्कोडीगामा, गोवा	गोवा/9992	1–12–89 से 30–11–92 और 1–12–92 से 31–3–93	2/14/गोवा/94/ ई० डी० एल० आई०
13.	मै० टोयो लेबोरेट्रीज प्रा० लि०, चम्पाबी, मैन संस प्रथम मंजिल मेन रोड, पौंडा, गोवा–403401	गोवा/10275	1–1–91 से 31–3–93	2/4366/92/ ई० डी० एल० आई०

अनुसूची-II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारों का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्दिष्ट करें।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अंतरण, निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसकी स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों के उपलब्ध लाभ बढ़ाए जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हों जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय हैं ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशिती को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने के पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम को उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के संबंध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

के. एस. सरमा
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

दिनांक 12 जनवरी 1995

सं० ई-3-10(15)/94/एम एच—कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा (4) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त एतद्‌द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 की धारा 17 की उपधारा (1) के खंड (क) के अंतर्गत मैं, के० एस० सरमा, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त मैसर्स एलीफीलस्टोन स्पाइनींग एवं वीविंग मिल्स कंपनी लिमिटेड, सेनापति बापत मार्ग, बम्बई-400013 की स्वीकृत छूट को 1-1-1995 से रद्द करता हूं जिसे अधिसूचना संख्या एसआरओ 3416 दिनांक 17-10-1957 से क्रम संख्या 122 पर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा जारी किया गया और भारत सरकार के राजपत्र में दिनांक 26-10-1957 को प्रकाशित किया गया ।

के० एस० सरमा
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

छावनी परिषद

कानपुर, दिनांक 10 जनवरी 1995

शुद्धि-पत्र

का० नि० आ० संख्या 53/4/सी/डीई/94—जो भारत के राजपत्र संख्या 49 (भाग 3, खण्ड 4) दिनांक 3 दिसम्बर, 1994 के पृष्ठ संख्या 4743 पर प्रकाशित हुआ है, की अनुसूची में निम्न शुद्धियां की जाती हैं :—

"रुपये 50001 से 10,000 तक" के स्थान पर पढ़ें "रुपये 5001 से 10,000 तक"

"रुपये 20,001 से अधिक" के स्थान पर पढ़ें "रुपये 20,001 और उससे अधिक"

हरीश प्रसाद
छावनी अधिशासी अधिकारी, कानपुर

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

बम्बई-40020 दिनांक 10 जनवरी 1995

सं० यूटी/डीबीडीएम/680-ए/एसपीडी 74-सी/94-95—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 19(1)(8)(सी) के अन्तर्गत बनाए गए मास्टर ईक्विटी प्लान 1995 और भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की

धारा 21 के अन्तर्गत बनायी गयी ईक्विटी लिक्ड सेविंग्ज यूनिट योजना 1995 के प्रावधान, जो दिनांक 21 नवंबर 1994, को हुई बैठक में कार्यकारिणी समिति ने अनुमोदित किये हैं तथा 19 दिसम्बर 1994 की बैठक में संशोधित किए गए हैं, इसके नीचे प्रकाशित किए जाते हैं ।

एस० के० दासगुप्ता
संयुक्त महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास और विपणन विभाग

ईक्विटी लिक्ड सेविंग्ज यूनिट योजना—1995

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 और उक्त अधिनियम की धारा 19(1)(8)(सी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय यूनिट ट्रस्ट का बोर्ड इसके द्वारा ईक्विटी लिक्ड सेविंग्ज यूनिट योजना—1995 और इस यूनिट योजना से संबंधित मास्टर ईक्विटी प्लान 1995 निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार बनाता है :

ईक्विटी लिक्ड सेविंग्ज यूनिट योजना—1995 के प्रावधान

(ईएलएसएस' 95)

1. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का प्रारंभ :

(1) यह योजना ईक्विटी लिंक्ड सेविंग्ज यूनिट योजना—1995 (ईएलएसएस-95) कही जाएगी ।

(2) यह 26 दिसम्बर 1994 से प्रभावी होगी और इस योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री दिनांक 31 मार्च 1995 तक की जाएगी । लेकिन फिर भी योजना और इसके अंतर्गत बनाए गए प्लान के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री किसी भी समय प्रमुख अखबारों में या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित किसी अन्य रीति से 7 दिन की पूर्व सूचना देकर स्थगित[1] की जा सकती है ।

(3) ईक्विटी लिक्ड सेविंग्ज योजना—1992 और आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 88 में उल्लिखित केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसरण में यह योजना बनायी गयी है । इस योजना के अंतर्गत बनायी गयी मास्टर ईक्विटी योजना—1995 में हिस्सा लेनेवाले बचतकर्ताओं को यह योजना लागू होगी ।

2. परिभाषाएं :

इस योजना में जब तक विषयवस्तु में अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "अधिनियम" का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 है ।

(ख) "स्वीकृति तिथि" ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री के लिए ट्रस्ट को भेजे गए आवेदन पत्र के संदर्भ में स्वीकृति तिथि का अर्थ है उक्त तिथि जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर आवेदन पत्रों को स्वीकार करता है कि यह सही है ।

(ग) योजना के अन्तर्गत "आवेदक" का अर्थ है उन सभी वर्गों के लोग जो प्लान के प्रावधानों के खण्ड 2 में विशेष रूप से वर्णित हैं ।

(घ) "सूचीबद्ध" का अर्थ है ऐसे शेयर बाजारों में व्यापार करने के प्रयोजन से यूनिटों को सूचीबद्ध किया जाना जो फिलहाल प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम 1956 (1956 का 42) के अंतर्गत मान्य हैं ।

(ङ) "अवरुद्ध अवधि" का अर्थ है योजना के अंतर्गत यूनिटों के आवंटन की तिथि से तीन वर्षों की अवधि जिसके दौरान आवेदक को यूनिटें अपने पास रखनी होंगी और पुनर्खरीद के लिए प्रेषित नहीं करनी होगी ।

(च) "निर्गमाधीन यूनिटों की संख्या" का अर्थ है बिक्री किये गये और शेष यूनिटों की कुल संख्या ।

(छ) "मान्यता प्राप्त शेयर बाजार" का अर्थ है ऐसा शेयर बाजार जो प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) के अन्तर्गत तत्समय मान्यता प्राप्त है ।

(ज) "विनियम" का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत बनाई गई भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 है ।

(झ) "बिक्री अवधि" का अर्थ है उक्त अवधि जिसके दौरान ट्रस्ट खण्ड 1 के उप खण्ड (2) के अनुसार प्रति यूनिट 10 रुपये (दस रुपये) के अंकित मूल्य पर बिक्री करेगा ।

(ञ) "सेबी" का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड जिसे भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम 1992 (1992 का 15) के अंतर्गत स्थापित किया गया ।

(ट) "व्यापार" का अर्थ है किसी मान्यता प्राप्त शेयर बाजारों के जरिए खरीद कर या बेचकर लेन-देन करना ।

(ठ) "यूनिट" का अर्थ है इस योजना की यूनिट पूंजी में दस रुपये के अंकित मूल्य का एक अविभाजित शेयर ।

(ड) "यूनिट प्रमाणपत्र" निवेशक के मास्टर इक्विटी प्लान 1995 के सदस्य होने का तथा उस योजना के अंतर्गत उसे आवंटित किये गये यूनिटों के स्वामित्व का प्रमाण होगा ।

(ढ) इसमें अपरिभाषित किन्तु अधिनियम/विनियम/ प्लान में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम/विनियम/प्लान में दिए गए हैं ।

3. इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन :

(क) मूल्यांकन की तारीख को बम्बई स्टाक एक्सचेंज के अंतिम मूल्यों पर सूचीबद्ध प्रतिभूतियों का मूल्यांकन किया जाएगा । जो प्रतिभूतियां बम्बई स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं होंगी उनका मूल्यांकन उनके प्रमुख स्टाक एक्सचेंजों के अंतिम मूल्यों पर किया जाएगा । यदि मूल्यांकन की तारीख से पूर्व एक माह से अधिक अवधि तक प्रतिभूतियों का व्यवसाय नहीं किया गया हो तो ऐसी प्रतिभूति के मूल्यांकन की विधि ट्रस्ट जैसा उचित प्रतीत हो, तय की जाएगी ताकि बोर्ड द्वारा अनुमोदित मूल्यांकन की विधि के अनुसार इसका सही प्राप्य मूल्य दर्शाया जा सके ।

---

1. शब्द "बकायी" को 19-12-94 को निकाल दिया गया ।

(ख) मुद्रा बाजार लिखत तथा डिबेंचर सहित अन्य नियत आय वाली लिखतों का मूल्यांकन वर्तमान आय और समतुल्य लिखतों के परिपक्वता मूल्य के आधार पर अथवा ट्रस्ट जैसा उचित समझे उस तरीके से किया जाएगा।

(ग) उपरोक्तानुसार निर्धारित मूल्य में, नियम आयवाली प्रतिभूतियों और डिबेंचरों के मामले में प्रोद्भूत लेकिन अप्राप्त ब्याज और ईक्विटी शेयर के मामले में घोषित लेकिन अप्राप्त लाभांश तथा ट्रस्ट को ऐसी अन्य प्राप्तियां जो प्रोद्भूत हुई हों अथवा प्रोद्भूत होने योग्य हों, जोड़ी जाएगी।

(घ) अन्य सभी आस्तियां जिनका मूल्यांकन पूर्वोक्तानुसार न किया जा सके, उनका मूल्यांकन बही मूल्य पर किया जाएगा और यदि वह उपलब्ध न हो तो ट्रस्ट द्वारा उचित समझी गई विधि से किया जाएगा।

(ङ) जो प्रतिभूतियां सूचीबद्ध न हों उनका मूल्यांकन बोर्ड द्वारा आवधिक रूप से संशोधित किया जाएगा।

4 योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ ट्रस्टों को स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना :

जो व्यक्ति सदस्य के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से सदस्यता सूचना जारी की गई है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा सदस्य के रूप में मान्य होगा और चूंकि ऐसे यूनिटों में उसका अधिकार, हक और हित है, इसलिये ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और इस योजना से संबंधित यूनिटों के हक को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या ईक्विटी या अन्य हित को मान्यता देने के लिए यहां स्पष्ट रूप से किए गए प्रावधान या किसी सक्षम प्राधिकार वाले न्यायालय के आदेश को छोड़कर किसी विपरीत नोटिस या किसी न्यास के निष्पादन पर ध्यान देने के लिए बाध्य नहीं होगा।

5 यूनिटों का अंतरण :

यूनिटों के आवंटन की तिथि से 3 वर्ष की अवरुद्ध अवधि के बाद इस योजना के अंतर्गत यूनिटों के अंतरण/गिरवी रखने/समनुदेशन की अनुमति दी जाएगी। अवरुद्ध अवधि के दौरान अथवा उसके बाद किन्तु योजना समाप्त होने के पूर्व एच. यू. एफ., ए.ओ.पी., बी. ओ. 1आई. से संबंधित यूनिट धारक के विभाजन और अथवा विघटन की स्थिति में इसमें ऊपर उल्लिखित कुछ भी कथित विभाजन अथवा विघटन के संदर्भ में तत्संबंधी कानून को लागू करने में बाधक नहीं होगा बशर्ते अथवा विनिर्दिष्ट रूप से सहमति प्रकट की गई हो अथवा उल्लेख किया गया हो और जो कथित कानून, यदि कोई हो, के विरुद्ध न हो। एच यू एफ, ए.ओ.पी., बी.ओ.आई. के सदस्यों में आय वितरण और यूनिटों का विभाजन, समय-समय पर प्रचलित तत्संबंधी कानून, यदि कोई हो, के अनुसार नियंत्रित होगा।

6. जारी करने के बाद यूनिटों का अंतरण :

इस योजना के अंतर्गत जारी किये तथा बकाया सभी यूनिट, आवंटन की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के बाद निम्न शर्तों के अधीन, मुक्त रूप से अंतरणीय होंगे :

(क) इस योजना के प्रावधानों के अनुसार जारी यूनिट प्रमाण-पत्र परक्राम्य रहेगा और जैसा कि इस योजना और इसके अंतर्गत बनाए गए प्लान के प्रावधानों के खण्ड 2 में उल्लेख किया गया है व्यक्तिगत, व्यस्क या अन्य श्रेणियों को अंतरित किया जा सकता है।

अंतरण दस्तावेज की स्वीकृति और अंतरिती का सदस्य के रूप में प्रवेश पूर्णतः ट्रस्ट के विवेकानुसार होगा।

(ख) यूनिट धारण करने की क्षमता रखने वाले अंतरणकर्ता और अंतरिती के द्वारा और बीच अंतरण प्रभावकारी होगा। किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए ट्रस्ट बाध्य नहीं होगा।

(ग) संबंधित यूनिट प्रमाण पत्र और योजना द्वारा समय-समय पर निर्धारित शुल्क के सहित अंतरण दस्तावेज, इस कार्य हेतु नियुक्त किये गए रजिस्ट्रार के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

(घ) ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत या कार्यालय द्वारा स्वीकृत अंतरण पत्र नजदीक के रजिस्ट्रार के कार्यालय में अग्रेषित किये जाएंगे।

(ङ) प्रत्येक अंतरण लिखत पर अंतरणकर्ता तथा अंतरिती के हस्ताक्षर होंगे और रजिस्ट्रार द्वारा अंतरिती का नाम धारकों के रजिस्टर में दाखिल करने तक अंतरणकर्ता को ही यूनिट का धारक है समझा जाएगा।

(च) अंतरणकर्ता के स्वत्वाधिकार या उसके यूनिटों का अंतरण करने के अधिकार के समर्थन में रजिस्ट्रार ऐसा कोई सबूत मांग सकते हैं जो उन्हें आवश्यक लगें।

(छ) यदि यूनिट प्रमाण-पत्र खो गया हो/चुराया गया हो/नष्ट हो गया हो तो कुछ आवश्यकताओं, जिन्हें रजिस्ट्रार जरूरी समझे, की पूर्ति करने के बाद मूल यूनिट प्रमाण पत्र की प्रस्तुति के संबंध में रजिस्ट्रार छूट देंगे।

(ज) यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने पर अंतरण के सभी दस्तावेज और यूनिट प्रमाण-पत्र रजिस्ट्रार के पास रहेंगे।

(झ) अंतरण को मान्यता देने तथा पंजीकृत करने वाले रजिस्ट्रार, उक्त प्रमाण-पत्र/प्रमाण-पत्रों का अंतरण और जारी करने के संबंध में देय अदायगी तथा वसूली के बाद, मूल या नया यूनिट प्रमाण-पत्र अंतरिती को जारी करेंगे।

(ञ) यदि अंतरिती विधि के परिचालन से या आधिकारिक क्षमता के कारण यूनिटों का धारक बन जाता है तो इच्छुक अंतरिती यूनिटों के धारण के लिए अन्यथा पात्र होने पर ऐसी साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण जिसे वे पर्याप्त समझें, के अधीन रजिस्ट्रार अंतरण लागू करेगा।

(ट) [1]उपर्युक्त प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट अंतरण को पंजीकृत करेगा और यूनिट प्रमाण पत्र दाखिल करने की तिथि से

1 19-12-94 को शामिल किया गया।

30 दिनों के भीतर अंतरिती को अंतरण संबंधी सभी दस्तावेजों के साथ यूनिट प्रमाण-पत्र वापस करेगा।]

7. **सूचीबद्ध करना :**

2[आवंटन की तिथि से 3 वर्षों की अवरुद्ध अवधि के बाद योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों को अध्यक्ष के निर्णय के अनुसार मान्यता प्राप्त प्रमुख स्टाक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया जायगा।]

8. **योजना के अंतर्गत निधियों का निवेश :**

(क) योजना के अंतर्गत संगृहित निधियों को कम्पनियों के ईक्विटी, संचयी परिवर्तनीय तरजीही शेयरों और पूर्णतः परिवर्तनीय डिबेंचरों और बांडों में निवेश किया जायगा। अंशतः परिवर्तनीय निर्गमों के डिबेंचरों और बांडों, जिसमें राइट्स के आधार पर जारी बांडें और डिबेंचरों का भी समावेश होगा, में इस शर्त के अधीन निवेश किये जा सकते हैं कि यथासंभव इस रूप में अर्जित या अभिदत्त डिबेंचरों का अपरिवर्तनीय अंश 12 माह की अवधि के अंदर वापस ले लिया जायगा।

(ख) यह सुनिश्चित किया जायगा कि योजना की निधियां खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट प्रतिभूतियों में कम से कम 80% की सीमा तक निवेशित की जायेंगी। ट्रस्ट उपर्युक्त वर्णित तरीके से निधियों को यूनिटों की बिक्री की बंदी की तारीख से छः माह के अन्दर निवेशित करने का प्रयास करेगा। असाधारण परिस्थिति में इस आवश्यकता को ट्रस्ट छोड़ सकता है ताकि सदस्यों के हित सुरक्षित रह सकें।

(ग) उपर्युक्त वांछित तरीके से यदि निधियों का निवेश लम्बित रहता है तो ट्रस्ट अल्पकालिक मुद्रा बाजार लिखतों में या अन्य नकदी लिखतों में या दोनों में निवेश करेगा।

(घ) यूनिटों के आवंटन की तारीख के तीन वर्षों के बाद ट्रस्ट योजना की शुद्ध आस्तियों का 20% तक अल्पकालिक मुद्रा बाजार लिखतों में और अन्य नकदी लिखतों में धारित कर सकता है ताकि वे उन सदस्यों की यूनिटों की पुनर्खरीद कर सकें जो पुनर्खरीद के लिए यूनिटों को जमा करना चाहते हैं।

9. **निवेश की सीमा :**

1 सभी ऋण लिखतों जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाता है, का निवेश श्रेणी के रूप में दर्जा निर्धारण क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा की जाएगी।

बशर्ते यदि ऋण लिखत का दर्जा निर्धारण नहीं किया गया है तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा विशेष अनुमोदन लिया जाएगा।

2 इस योजना के अंतर्गत कोई मीयादी ऋण नहीं दिया जाएगा।

3. निजी डिबेंचरों प्रतिभूमि ऋणों और अन्य कोट न किए गए ऋण लिखतों में निवेश, योजना की कुल आस्तियों का 10% से अधिक नहीं होगा।

4. किसी भी एक कम्पनी शेयरों में योजना की निधि का 5% से अधिक भाग का निवेश नहीं किया जाएगा।

5. इस योजना की निधियां सीधे यूनिट ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों का 10% से अधिक भाग का किसी एक कम्पनी के शेयर, डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों में निवेश नहीं किया जाएगा।

6. इस योजना की निधियां सहित यूनिट ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों का 15% से अधिक भाग को किसी एक उद्योग के शेयरों और डिबेंचरों में निवेश नहीं किया जाएगा।

बशर्ते उस योजना के लिए यह प्रावधान लागू नहीं होगा जिसे एक या अधिक निर्धारित उद्योगों में निवेश के लिए चालू किया गया है और इस आशय की घोषणा पेशकश पत्र में की गई हो।

7. 1[इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में निवेशों का अंतरण केवल तब ही किया जाएगा जब—

(क) स्पाट आधार पर कोट किए गए लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण किए गए हों।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के अनुरूप होनी चाहिए जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं।]

8. ट्रस्ट के अन्य किसी योजना/प्लान में यह योजना निवेश नहीं करेगी या उसे उधार नहीं देगी।

9. यह योजना अपने निवेशों के वित्त पोषण के लिए निधियां उधार नहीं लेगी।

10. **विकास प्रारक्षित निधि (डी आर एफ) में अंशदान :**

पूंजी का 0.25% ट्रस्ट की विकास प्रारक्षित निधि में प्रति वर्ष 0.05% की दर से इस योजना के पहले पांच वर्षों में अंशदान के रूप में वसूल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उसके बाद प्रतिवर्ष अंशदान शुद्ध आस्ति मूल्य के 0.05% की दर से होगा।

11. **लेखों का प्रकाशन :**

ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष 30 जून के बाद यथाशीघ्र बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से लेखों को प्रकाशित करेगा, जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि का योजना और उसके अंतर्गत इसके प्लान के कार्यों का विवरण होगा। ट्रस्ट सेबी को विधिवत रूप से परीक्षित तुलनपत्र सहित वार्षिक लेखों की प्रतियां और लाभ-हानि लेखा अपरीक्षित अर्ध वार्षिक लेखों और एनएवी में हुए उतार चढ़ाव का एक तिमाही विवरण और पिछली अवधि में हुए परिवर्तनों सहित तिमाही

---

1. "ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित की गई नीतियों के अनुसार निवेशों का अंतरण इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में किया जाएगा" के स्थान पर 19-12-94 को शामिल किया गया।

2. "यदि सेबी द्वारा यूनिट ट्रस्ट को विशेष छूट नहीं दी जाती तो आवंटन की तिथि से 3 वर्षों की अवरुद्ध अवधि के बाद योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों को अध्यक्ष के निर्णय के अनुसार मान्यता प्राप्त प्रमुख स्टाक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया जाएगा" के स्थान पर 19-12-94 को शामिल किया गया।

पोर्टफोलियो विवरण भेजेगा । ट्रस्ट निवेशकों को वह जानकारी देगा जो उनके निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के बारे में हो और जिस का सूचित किया जाना आवश्यक हो ।

ट्रस्ट सदस्य से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर, उसे प्रकाशित लेखों और विवरणों की एक प्रति भेजेगा ।

12. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन और संशोधन :

बोर्ड समय-समय पर इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किये गये परिवर्धन/संशोधन की अधिसूचना सरकारी राजपत्र में की जाएगी । किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा ।

योजना के प्रावधानों पर आधारित पेशकश दस्तावेज में संशोधन कार्यकारिणी समिति तथा सेबी से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करके किया जा सकता है ।

13. योजना की समाप्ति :

(क) 31 मार्च 2005 को अर्थात योजना के अंतर्गत यूनिटों के आवंटन के वर्ष से दस वर्ष बाद यह योजना समाप्त की जाएगी ।

(ख) यदि योजना के अंतर्गत जारी यूनिट में से 90% से अधिक यूनिट की दस वर्ष पूरे होने से पहले ही पुनर्खरीद की जाती है तो ट्रस्ट अपने विवेकानुसार यह योजना दस वर्ष की निर्धारित अवधि से पहले भी समाप्त कर सकता है और ट्रस्ट द्वारा निर्धारित किये जाने वाले अंतिम पुनर्खरीद मूल्य पर बकाया यूनिटों को मुक्त कर सकता है ।

जहां पर योजना ऊपर के उप खण्ड (ख) के अधीन समाप्त की जाती है वहां ट्रस्ट सेबी को इसके बारे में सूचित करेगा और समाप्ति-तिथि के एक सप्ताह पहले अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और बम्बई में एक स्थानीय समाचार पत्र में सूचना देगा ।

14. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की प्रति उपलब्ध करायी जाएगी :

योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान की प्रतिलिपि सभी संशोधनों सहित पूरे कार्य-समय के दौरान ट्रस्ट के कार्यालयों में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी और किसी भी व्यक्ति को उसकी आपूर्ति की जाएगी ।

15. उपबन्धों के अर्थ लगाने का अधिकार :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध की व्याख्या में कोई संदेह उत्पन्न होने पर केवल अध्यक्ष और यदि उस समय कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो, तो कार्यपालक न्यासी को योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार होगा । ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक, बाध्यकारी और अंतिम होगा । इसके अंतर्गत बने योजना के प्रावधान और प्लान के प्रावधान, जैसे योजना में कहा गया है, एक दूसरे के साथ पढ़े जाए ।

16. उपबंधों में ढील/परिवर्तन/संशोधन :

केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो तो ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी कठिनाईयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के निर्बाध और सहज संचालन के लिए योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में ढील दे सकता है, परिवर्तन या संशोधन कर सकता है, बशर्ते किसी सदस्य या सदस्य वर्ग के लिए ऐसा करना समीचीन हो ।

17. योजना और उसके अंतर्गत बना प्लान सदस्यों के लिए बाध्यकारी होगा :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान की शर्तों के साथ समय-समय पर इनमें किये गये संशोधन और परिवर्तन प्रत्येक सदस्य और उसके माध्यम से दावा करने वाले हरेक अन्य व्यक्ति के लिये इस प्रकार बाध्यकारी होंगे, मानो वह योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी विपरीत बात के बावजूद ऐसा करने के लिये बाध्य हो ।

18. सदस्यों को लाभ :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति के समय पूंजी, आरक्षित निधि और अधिक राशि के संबंध में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में उचित सभी लाभ केवल उन्हीं सदस्यों को प्राप्त होंगे जो योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति तक पूरी अवधि के लिये यूनिट के धारक रहे हों ।

मास्टर ईक्विटी प्लान—1995 के उपबंध

ईक्विटी सम्बद्ध बचत यूनिट योजना 1995 (ईक्विटी लिंक्ड सेविंग्ज यूनिट स्कीम) के अन्तर्गत जारी यूनिटों के लिए यह प्लान लागू होगा ।

भूमिका :

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 88 के अनुसार करदाता, जो एक व्यक्ति हो सकता है, हिंदू अविभक्त परिवार या व्यक्तियों का संघ हो सकता है, द्वारा किए गए निवेश पर आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 10 के खण्ड 23 (डी) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट किसी म्यूच्युअल फण्ड की यूनिटों में जैसा विनिर्दिष्ट हो या भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की किसी योजना के अंतर्गत कोई योजना जिसे केंद्रीय सरकार किसी सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा अधिकतम 10 000 रु० की निवेश की गई राशि पर 20% की छूट प्रदान कर सकती है । अन्य शब्दों में निवेशक द्वारा निवेशित राशि का 20% अधिकतम 10 000/- रु० तक की राशि देय कर में घटायी जा सकती है ।

यह प्लान आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 88 के प्रावधानों के अनुसरण में और ईक्विटी लिंक्ड सेविंग्ज यूनिट योजना 1995 के अनुसार ईक्विटी लिंक्ड सेविंग्ज योजना 1992 के साथ पढ़ते हुए बनाया गया है, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है।

1. परिभाषाएं :

प्लान में शब्द परिभाषित नहीं है और योजना और अधिनियम/विनियमन में परिभाषित शब्दों का वही अर्थ हो जो योजना/अधिनियम/विनियमन में दिया गया है।

2. सहभागिता के लिए पात्रता :

निर्धारिती—

(क) निवासी वयस्क व्यक्ति एकल रूप में होगा यदि योजना के अन्तर्गत जारी यूनिटें शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं, तो संयुक्त आधार पर 3 व्यक्तियों तक के लिए अनुमति है।

(ख) निवासी नाबालिग की ओर से माता-पिता/सौतेले माता-पिता या वैध अभिभावक।

(ग) हिन्दू अविभक्त परिवार, या

(घ) व्यक्तियों का कोई संघ या व्यक्तियों का निकाय, जिसमें किसी भी मामले में केवल पति और पत्नी शामिल होंगे और जो गोवा राज्य और संघशासित क्षेत्र दादरा और नगर हवेली और दमन और दिव इन क्षेत्रों में प्रचलित सामुदायिक या सार्वजनिक प्रणाली से निर्मित है।

(ङ) नाबालिग के कोई वयस्क जो माता-पिता, सौतेले माता-पिता या वैध अभिभावक हैं वे यूनिटों के लिए आवेदन कर सकते हैं और इस प्लान तथा अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2ए) के अनुसार तथा उसमें विनिर्दिष्ट सीमा तक यूनिटों के संबंध में व्यवहार कर सकते हैं। ऐसा वयस्क, यूनिटों के लिए आवेदन करते समय, ट्रस्ट को नाबालिग की आयु का साक्ष्य और नाबालिग की ओर से यूनिटों का धारण करने और व्यवहार करने की अपनी सक्षमता को ऐसी रीति में प्रस्तुत करना होगा जैसा निश्चय किया जाएगा।

बशर्ते कि ट्रस्ट को, बिना किसी अतिरिक्त साक्ष्य के आवेदन पत्र में ऐसे वयस्क द्वारा दिये गये विवरणों पर कार्यवाही/कार्यवाई करने का स्वत्वाधिकार होगा। उपर वर्णित कोई निर्धारिती या योजना के अंतर्गत निर्धारित आवेदक का उल्लेख नीचे "सदस्य" किया जाएगा।

(2) आवेदन ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा/यथानुमोदित प्रपत्र में होगा।

3. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य :

इस योजना के अंतर्गत जारी प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपये होगा।

4 निवेश की न्यूनतम राशि :

आवेदन न्यूनतम 50 यूनिटों के लिए किया जाएगा और इसके बाद 50 यूनिटों के गुणकों में किया जाएगा। कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी।

5 एकत्र की जाने वाली न्यूनतम लक्ष्य राशि :

योजना के अंतर्गत एकत्र की जानेवाली लक्ष्य राशि 100 करोड़ रुपये है। यदि लक्ष्य राशि के 60% का अभिदान नहीं हो जो, ट्रस्ट को योजना के अंतर्गत एकत्र की गई पूरी राशि को यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से छः सप्ताह के भीतर आवेदक के खाते में चेक/वापसी आदेश द्वारा वापस करना होगा।

[1][यदि उपरोक्त नियत अवधि के भीतर राशि वापस नहीं की जाती है तो यूनिटों की बिक्री बंद होने की तारीख से छः सप्ताहों की समाप्ति पर ट्रस्ट आवेदकों को 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करेगा।]

6. व्ययों पर सीमा :

योजना के अंतर्गत एकत्र निधि का निर्गम पूर्व व्यय 6% से अधिक नहीं होगा। आरंभिक निर्गम व्यय को छोड़कर योजना का कुल व्यय किसी भी लेखा वर्ष में औसत एनएवी के 3% से अधिक नहीं होगा।

7 भुगतान विधि :

(1) 1. किसी आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन पत्र के साथ नकद, चेक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा। जहां आवेदन यूटीआई के कार्यालयों में जमा किये जाएं, वहां चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किये जाएं, जिस शहर स्थित कार्यालय में आवेदन किया जाए। लेकिन जहां आवेदक ट्रस्ट के कार्यालय वाले स्थान से भिन्न स्थान पर आवेदन करना चाहे तो आवेदित यूनिटों के लिए आवेदन पत्र के साथ देय बैंक ड्राफ्ट के लिये देय बैंक प्रभार घटाकर बैंक ड्राफ्ट भेजते हुए ऐसा कर सकता है।

2. यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट या प्राधिकृत संगृहण केंद्र द्वारा चेक प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चेक की वसूली हो।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो। लेकिन आवेदन ट्रस्ट द्वारा उपयुक्त समझे गए समय के भीतर ट्रस्ट या संगृहण केन्द्र को प्राप्त हो जाए। यदि आवेदित यूनिट के लिए भुगतान की गई राशि आवेदित यूनिट के लिए देय राशि से कम हो, तो आवेदक को उतनी ही कम संख्या में यूनिट जारी किए जाएंगे, जितने इस योजना के अंतर्गत किए जा सकेंगे।

1. 19-12-94 को शामिल किया गया।

उसको देय शेष राशि ट्रस्ट द्वारा यथोचित रीति से उसके खर्च पर उसे वापस कर दी जाएगी।

(3) ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था अथवा निगमित निकाय को जारी सदस्यता सूचना पात्र संस्था/निगमित निकाय के नाम में होगी।

(2) आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ट्रस्ट का होगा :

ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक पर योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिट जारी करने के लिये आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके। योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अन्तिम होगा।

अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत किये जा सकते हैं :

आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर, अस्वीकृत कर दिया जाएगा और अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने पर बिना किसी ब्याज या अन्य राशि के, चाहे जो भी हो, आवेदन राशि ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र वापस कर दी जाएगी।

(3) यूनिट जारी होने के पहले आवेदक के लिए योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करना होगा :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिट के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाओं को पूरा करना होगा। ऐसी अपेक्षाएं पूरी करने या नहीं करने के प्रति ट्रस्ट की संतुष्टि उसके अपने विवेक पर निर्भर होगी। गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाले व्यक्ति अपनी सदस्यता के निरस्तीकरण के लिए जिम्मेदार होगा और उसका नाम सदस्यों की पूंजी से काट दिया जाएगा। ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में यथानिर्णित मूल्य पर यूनिट की पुनर्खरीद करे और गलती से भुगतान किए गये आय वितरण की वसूली पुनर्खरीद राशि से करें और शेष वापस कर दे। पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिये राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

8. **यूनिटों की बिक्री :**

योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री की पेशकश 96 दिनों की अवधि के लिए खुली रहेगी जो 26 दिसम्बर 1994 से 31 मार्च 1995 तक रहेगी। दोनों दिन सम्मिलित होंगे।

ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में 31 मार्च 1995 को कारोबार का समय समाप्त होने के बाद और उसके उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को अवैध माना जाएगा और उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटों का बिक्री मूल्य सममूल्य पर होगा।

यूनिटों की बिक्री के लिए संविदा ट्रस्ट द्वारा स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। बिक्री संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र आवेदक को यूनिट प्रमाण-पत्र जारी करेगा, जो इस बात का साक्ष्य होगा कि उसे योजना और इसके अंतर्गत बनाए गए प्लान में सदस्य के रूप में शामिल कर लिया गया है। प्रेषित यूनिट प्रमाण पत्र के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलिवरी या डिलीवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा। ट्रस्ट को प्लान के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से 10 सप्ताह के भीतर यूनिट प्रमाण पत्र भेजने का प्रयास करना होगा। 1[ ]

9. शीघ्र निवेश के लिए प्रोत्साहन :

प्लान में शामिल होने की तिथि के अनुसार निवेशक को निम्नलिखित रूप में प्रोत्साहन राशि अदा की जाएगी :

26-12-1994 से 20-01-1995— 1.5%
21-01-1995 से 20-02-1995—1%

प्रोत्साहन राशि का चैक यूनिट प्रमाणपत्र के साथ भेजा जाएगा।

2[इस प्रोत्साहन राशि की अदायगी अंशतः निधि से और अंशतः आय से की जाएगी। इसे आरंभिक निर्गम व्यय के रूप में माना जाएगा।]

10. यूनिटों का आवंटन :

31 मार्च 1995 को यूनिटों का आवंटन किया जाएगा।

आवेदन पत्रों के संबंध में 2000 यूनिटों का (अर्थात 20,000/- रु०) पक्का आवंटन किया जाएगा और उसके बाद पूरे अंशदान को ध्यान में रखते हुए आवंटन पूर्णतः ट्रस्ट के विवेकानुसार होगा। 3[और ऐसे आधार पर जिसे ट्रस्ट सही और उचित मानेगा।]

11. अवरुद्ध अवधि :

प्लान के अंतर्गत सदस्य द्वारा किये गये निवेश को आवंटन की तारीख से कम से कम 3 वर्ष की अवधि के लिए रखा जाएगा। यह 3 वर्ष की अवधि "अवरुद्ध अवधि" कही जाएगी। इन 3 वर्षों की अवधि के दौरान यूनिटों की पुनर्खरीद की अनुमति नहीं दी जाएगी। इन 3 वर्षों की अवधि के बाद सदस्य को यूनिट ट्रस्ट को पुनर्खरीद के लिए यूनिटें प्रस्तुत करने का विकल्प होगा। सदस्य की मृत्यु होने की स्थिति में, उक्त सदस्य को यूनिटें आवंटित की गयी तारीख से एक वर्ष पूर्ण होने के बाद, वैध उत्तराधिकारी या योजना के अंतर्गत ट्रस्ट की बहियों में पंजीकृत नामित व्यक्ति, मृत सदस्य के नाम जमा यूनिटों की पुनर्खरीद कर सकता है। एक वर्ष की अवधि के बाद और इस संबंध में सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद वैध उत्तराधिकारी/नामिती व्यक्ति को मृत सदस्य के नाम जमा यूनिटों की पुनर्खरीद राशि का भुगतान किया जाएगा और ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद मूल्य घोषित किया जाएगा।

---

1. "या ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णित सेबी से परामर्श कर अवधि बढ़ायेगा" को 19-12-94 को निकाल दिया गया।
2. 19-12-94 को शामिल किया गया।
3. 19-12-94 को शामिल किया गया।

12. यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य :

(1) ट्रस्ट यूनिटों की आवटन की तिथि से एक वर्ष की समाप्ति के बाद और उसके बाद अर्ध वार्षिक आधार पर पुनर्खरीद मूल्य घोषित करेगा ।

(2) आवटन की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के बाद जब यूनिटों की पुनर्खरीद प्रारम्भ होगी, ट्रस्ट योजना में दिये गये आधार पर प्रत्येक महीने, जैसा भी निश्चित किया गया हो, पुनर्खरीद मूल्य घोषित करेगा ।

(3) पुनर्खरीद मूल्य जिस पर यूनिटें खरीदी जायेंगी उसे समय-समय पर घोषित एनएवी के आधार पर परिकलित किया जाएगा । पुनर्खरीद मूल्य परिकलित करते समय ट्रस्ट प्रशासनिक लागत और अन्य प्रभार जो औसत एनएवी के 5% प्रति वर्ष से ज्यादा नहीं होगा काटने के लिए स्वतन्त्र होगा ।

स्पष्टीकरण—इसमें सन्दर्भित आवंटन की तिथि 31 मार्च 1995 होगी ।

(6) ट्रस्ट पुनर्खरीद/अंतिम पुनर्खरीद मूल्य निर्धारित करने के बाद यथाशीघ्र इस प्रकार यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य प्रकाशित करेगा जिसे वह उचित समझेगा ।

13. यूनिटों की पुनर्खरीद :

जहां आवेदक द्वारा यूनिट प्रमाण पत्र के साथ यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए आवेदन पत्र ट्रस्ट द्वारा स्वीकार किया जाता है, तो ट्रस्ट जल्द-से-जल्द इसके बाद पावती भेजेगा और आवेदक द्वारा इस संबंध में आवश्यक प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पुनर्खरीद के लिए संविदा स्वीकृति तिथि को पूर्ण की गई समझी जाएगी । यूनिटों की पुनर्खरीद स्वीकृति तिथि को प्रचलित पुनर्खरीद मूल्य पर की जाएगी । पुनर्खरीद किए गए यूनिटों के लिए अदायगी ट्रस्ट द्वारा यथासम्भव जल्द-से-जल्द स्वीकृति तिथि के बाद उस तरीके से की जाएगी जैसा आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा सूचित किया गया हो । आवेदक को देय राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा, और ट्रस्ट द्वारा भेजे गये चेक या ड्राफ्ट की वसूली और प्रेषण की लागत आवेदक द्वारा वहन की जाएगी ।

14. यूनिटों की बिक्री और पुनर्खरीद संबंधी पेशकश पर प्रतिबंध:

इसमें ऊपर किसी भी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा :

(1) ऐसे दिवस पर, जो कार्यदिवस नहीं हो और

(2) ऐसी अवधि के दौरान जब बही और लेखे की वार्षिक बंदी (ट्रस्ट द्वारा यथासूचित) के संबंध में सदस्यों की पंजी बंद हो ।

स्पष्टीकरण—इस योजना के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो (1) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो और न ही (2) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट का कार्यालय बन्द रहेगा ।

15 अंतिम पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन :

योजना और इसके अंतर्गत बनाए गए प्लान की समाप्ति पर जैसा कि योजना के प्रावधानों के खण्ड 13 में दिया गया है, ट्रस्ट जल्द-से-जल्द अंतिम पुनर्खरीद मूल्य निर्धारित करने के बाद ऐसे पद्धति से प्रकाशित करेगा जैसा ट्रस्ट सही समझेगा ।

16. शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का निर्धारण :

प्लान के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के आस्तियों के मूल्य का निर्धारण करते हुए और प्रोद्भवन और प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। शुद्ध आस्ति मूल्य प्रति यूनिट का परिकलन प्लान के एनएवी को यूनिटों की जारी कुल संख्या और उस तिथि का बकाया यूनिटों की संख्या से विभाजित कर, किया जाएगा । इस एनएवी का प्रकाशन कम-से-कम दो दैनिक समाचार पत्रों में ऐसे अंतराल पर एक माह से अधिक नहीं हो या ऐसे अंतराल पर किया जो सेबी द्वारा अनुमोदित हो, किया जाएगा । एनएवी का परिकलन सेबी द्वारा यथासमय निर्धारित विनियमों और दिशानिर्देशों के अधीन किया जाएगा ।

17. योजना की अवधि :

इस योजना के उपबंध केवल विशिष्ट रूप से अंकित अपवादों को छोड़कर 26 दिसम्बर 1994 से लागू माने जायेंगे और यूनिटों की बिक्री बंद होने की तिथि से दस वर्ष की अवधि के लिए 31 मार्च 2005 तक होगी ।

18. कर विधि का लागू होना :

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 88 के अन्तर्गत एस ई पी-95 के यूनिटों में निवेश की गई राशि के 20% पर (अधिकतम 10,000/- रु० तक) कर की छूट होगी । अन्य शब्दों में, निवेश की गई राशि का 20% (अधिकतम 10,000/- रु० तक) निवेशक द्वारा देय कर से घटा दिया जाएगा ।

यूनिटों से प्राप्त अन्य पूंजी लाभ पर प्रचलित कर विधि के अनुसार कर की वसूली की जाएगी ।

योजना में निवेश का मूल्य धन कर से पूर्णतः मुक्त होगा । ट्रस्ट द्वारा यदि लाभांश का भुगतान किया जा रहा है तो एकल सदस्यों के मामले में स्रोत पर कर की कटौती नहीं होगी ।

19. यूनिट प्रमाण पत्र का फार्म :

यूनिट प्रमाण पत्र इसके साथ संबद्ध किए गए फार्म ए के प्रारूप में अथवा ऐसे फार्म प्रारूप में होंगे जिसे योजना के सुचारु रूप से परिचालन हेतु अनुमोदित किया गया हो । प्रत्येक यूनिट प्रमाण पत्र पर विभेदक संख्या, यूनिटों की संख्या जिसके लिए प्रमाण पत्र जारी किया गया हो तथा सदस्य के नाम का उल्लेख होगा ।

20. यूनिट प्रमाण पत्र तैयार करने की विधि :

जैसा बोर्ड समय-समय पर निर्धारित करेगा, यूनिट प्रमाण पत्र उत्कीर्ण या लिथोग्राफ या मुद्रित किया जाएगा और ट्रस्ट द्वारा विधिवत रूप से अधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा, ट्रस्ट की ओर से हस्ताक्षरित होगा। ऐसा प्रत्येक हस्ताक्षर, स्वहस्ताक्षरित होगा या किसी यांत्रिक विधि से लाया गया होगा। जब तक यूनिट प्रमाण पत्र इस रूप में हस्ताक्षरित नहीं होगा, तब तक वह वैध नहीं होगा। इस रूप में हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र वैध होगा और इस बात के होते हुए बाध्यकारी होगा कि उसे जारी करने से पहले किसी व्यक्ति, जिसका हस्ताक्षर उस पर है, ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत व्यक्ति न रहा हो। किंतु इस रूप में तैयार किया गया यूनिट प्रमाण पत्र में किसी प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर है जो प्रमाण पत्र जारी होने के समय मृत है तो ट्रस्ट किसी तरीके से जिसे वह सर्वोत्तम समझता है प्रमाण पत्र पर विद्यमान उक्त व्यक्ति के हस्ताक्षर को निरस्त कर सकता है और उस पर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर करवा सकता है। इस रूप में जारी यूनिट प्रमाण पत्र भी वैध होंगे।

21. जब यूनिट प्रमाण पत्र का विनिमय और उसके कटे-फटे, विरूपित हो जाने, खो जाने की स्थिति में प्रक्रिया :

(1) इस योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान के प्रावधानों के अधीन, प्रत्येक सदस्य अपना कोई एक या सभी यूनिट प्रमाण पत्रों को अपनी आवश्यकतानुसार किसी भी मूल्यवर्ग के एक या अधिक यूनिट प्रमाण पत्रों के साथ, जो यूनिटों की समान कुल संख्या दर्शाते हों, विनिमय करने का हकदार रहेगा। उक्त विनिमय के लिए आवेदन करते समय सदस्य ट्रस्ट को विनिमय किये जाने वाला यूनिट प्रमाण पत्र या प्रमाण पत्रों को अभ्यर्पित करेगा और नया यूनिट प्रमाण पत्र/प्रमाण पत्रों के निर्गम के सम्बन्ध में सभी मुद्राएं (यदि कोई देय हो) ट्रस्ट को अदा करेगा।

(2) यदि कोई यूनिट प्रमाण पत्र कट-फट जाता है या घिस-पिट या विरूपित हो जाता है तो ऐसे मामले में ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार स्वत्वाधिकारी व्यक्ति को एक नया यूनिट प्रमाण पत्र जारी कर सकता है जिस के यूनिटों की कुल संख्या उतनी ही होगी जितनी कि कटे-फटे, विरूपित प्रमाण पत्र की थी। यदि कोई यूनिट प्रमाण पत्र खो जाता है, चुराया जाता है या नष्ट हो जाता है तो ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार स्वत्वाधिकारी व्यक्ति को उसके बदले में नया यूनिट प्रमाण पत्र जारी करेगा। कोई नया यूनिट प्रमाण पत्र तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक—

(1) मूल यूनिट प्रमाणपत्र के कटे-फटे होने, टूटने, विरूपित होने, खो जाने, चुरा लिए जाने या नष्ट हो जाने के संतोषजनक साक्ष्य ट्रस्ट को प्रस्तुत नहीं करता,

(2) तथ्यों की जांच के संबंध में सभी खर्चों का भुगतान नहीं करता,

(3) कटे-फटे या घिसे-पिटे या विरूपित यूनिट प्रमाणपत्र के मामले में ट्रस्ट को ऐसे कटे-फटे, घिसे-पिटे या विरूपित यूनिट प्रमाण पत्र प्रस्तुत और अभ्यर्पित नहीं करता; और

(4) ट्रस्ट को आवश्यक क्षतिपूर्ति बंधपत्र प्रस्तुत नहीं करता। इस खण्ड के प्रावधान के अंतर्गत ट्रस्ट सद्भावना के आधार पर उक्त प्रमाणपत्र जारी करने का उत्तरदायित्व नहीं लेगा।

(3) इस खण्ड के प्रावधान के अंतर्गत कोई प्रमाणपत्र जारी करने के पहले ट्रस्ट चाहेगा कि आवेदक इसके द्वारा निर्गत प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र पर 1/- रु० का भुगतान करे। साथ ही ट्रस्ट के मतानुसार स्टाम्प ड्यूटी यदि कोई है, के लिए पर्याप्त धन राशि या अन्य खर्च या डाक पंजीकरण खर्च सहित कर, जो उक्त प्रमाणपत्र को जारी करने और प्रेषित करने के संबंध में देय हो, उसे भी जमा करेगा। बशर्ते कि निम्नलिखित मामलों में कोई शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी या डाक पंजीकरण खर्च यूनिट प्रमाणपत्र के उक्त निर्गम के संबंध में देय नहीं होगा—उदाहरणार्थ :

(1) जब किसी आवेदक को या अंतरिती को जारी यूनिट प्रमाणपत्र पहली बार उप विभाजन के लिए प्रस्तुत किया जाता है,

(2) जब यूनिट प्रमाण पत्रों का समेकन ट्रस्ट द्वारा प्रस्तावित होता है और उक्त सुझाव सदस्य द्वारा स्वीकृत किया जाता है।

22. सदस्य का रजिस्टर :

सदस्यों के पंजीकरण के मामले में निम्नलिखित उपबंध किये जाएंगे :—

(1) ट्रस्ट द्वारा एक सदस्य पंजी रखी जाएगी और जिसमें निम्न प्रविष्टियां दर्ज की जाएगी।

(क) सदस्यों के नाम और पते,

(ख) प्रमाणपत्रों की विभेदक संख्या और ऐसे प्रत्येक व्यक्ति द्वारा धारित यूनिटों की संख्या, और

(ग) जिस व्यक्ति के नाम से यूनिट है उसके धारक बनने की तिथि।

(2) (क) सदस्य के रूप में पंजीकरण के लिए कोई आवेदन पत्र तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक आवेदन पत्र में पचास के गुणज में यूनिट की संख्या नहीं दी गयी हो।

परन्तु किसी सदस्य की मृत्यु होने पर कोई अन्य व्यक्ति जो उसकी पचास के गुणज में न रहने वाले यूनिट की संख्या का हकदार बनता है, योजना के प्रावधानों के अधीन सदस्य के रूप में उक्त यूनिटों की संख्या के सम्बन्ध में पंजीकृत किया जा सकता है :

(3) किसी सदस्य के अपने नाम और पते में हुए परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को देनी होगी। ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और ट्रस्ट द्वारा अपेक्षित औपचारिकताएं पूरी किये जाने पर पंजी में तदनुसार परिवर्तन किया जाएगा।

(4) पंजियों की बंदी अवधि को छोड़कर इसमें इसके पश्चात इस संबंध में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार कार्य अवधि के दौरान (ट्रस्ट द्वारा लगाए गए उचित प्रतिबंधों के अधीन, किंतु प्रत्येक कार्य-दिवस को कम-से-कम दो घंटे निरीक्षण) के लिए खुली रहेंगी। सदस्य के निरीक्षण के लिए निःशुल्क खुली रहेंगी।

(5) ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर निर्धारित समय और अवधि के लिए बंद पंजी रहेगी। परन्तु किसी भी वर्ष में यह [1]45] दिनों से अधिक समय के लिए बंद नहीं रहेगी। ट्रस्ट ऐसी बंदी की सूचना जैसा बोर्ड निर्देश देगा, विज्ञापन के रूप में समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी।

(6) किसी यूनिट के संबंध में पंजी में कोई ट्रस्ट अभिव्यक्त, विवक्षित या आन्वयिक सूचना अंकित नहीं की जाएगी।

23. ट्रस्ट के उन्मोचन के लिए सदस्य द्वारा रसीद :

प्रमाण पत्र में अंकित यूनिटों के संबंध में सदस्य को भुगतान की गयी राशि के लिए उसकी रसीद ट्रस्ट के लिए अच्छा उन्मोचन (गुड डिस्चार्ज) माना जाएगा।

24. आय का वितरण :

यदि योजना के आस्तियों से आय, खर्चों को पूरा करने के बाद उचित लाभांश घोषित करने के लिए पर्याप्त हो तब योजना के अंतर्गत ट्रस्ट लाभांश की घोषणा कर सकता है तथा भुगतान कर सकता है।

25. सदस्यों द्वारा नामांकन :

(क) एक व्यक्ति के रूप में कोई सदस्य नामांकन करने या रद्द करने के अधिकार का प्रयोग विनियमों में दी गई सीमा तक कर सकता है। यह सुविधा तथापि, अंतरिती को यूनिटों के अंतरण होने पर उपलब्ध नहीं होगी।

बशर्ते इसके आगे हिन्दू अविभक्त परिवार या व्यक्तियों के संघ या व्यक्तियों के कथित संघ को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा।

(ख) रजिस्ट्रार योजना के उपबंधों और समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार और इसमें विहित उप खण्ड (क) के अधीन नामांकन निर्धारित प्रारूप में स्वीकार करेगा और उसे पंजीकृत करेगा। वे ऐसे निर्देशों के अंतर्गत किए गए नामांकन में अंतर, संशोधन या परिवर्तन की अनुमति भी दे सकते हैं और उन्हें पंजीकृत कर सकते हैं।

26. सदस्य की मृत्यु :

(क) किसी सदस्य की मृत्यु की स्थिति में योजना के अंतर्गत, नामित व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा मान्य व्यक्ति होगा जो मृत सदस्य के नाम जमा यूनिटों के संबंध में देय राशि का हकदार होगा।

(ख) वैध नामांकन के अभाव में मृत सदस्य का प्रशासक या कार्यपालक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 (1925 का 59) के भाग 10 के अंतर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का धारक ही केवल ऐसा व्यक्ति होगा, जिसका यूनिटों में कोई अधिकार है ऐसा ट्रस्ट द्वारा माना जाएगा।

(ग) किसी सदस्य की मृत्यु होने के कारण किसी व्यक्ति के यूनिटों का स्वत्वाधिकारी होने पर तथा उसके स्वत्वाधिकारी होने के साक्ष्यों को प्रस्तुत करने पर जिसे ट्रस्ट पर्याप्त समझता है, मृतक के नाम जमा सभी यूनिटों की (यूनिटों के आवंटन के एक वर्ष बाद) पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान, दावेदार द्वारा सभी औपचारिकताओं के अनुपालन करने पर ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा।

यूनिटों की पुनर्खरीद करने के लिए आवेदन पत्र
मास्टर ईक्विटी प्लान, 1995

दिनांक :————

प्रति,

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

————————————

————————————

————————————

मैं——————————मास्टर ईक्विटी प्लान—1995 की————यूनिट का पंजीकृत सदस्य/नामिति/मृत सदस्य का विधिक उत्तराधिकारी हूं और स्वीकृति तिथि को पुनर्खरीद मूल्य पर पुनर्खरीद के लिए ट्रस्ट को बेचना चाहता हूं।

(1) प्रमाणपत्र में समाविष्ट सभी यूनिट।

(2) प्रमाणपत्र में समाविष्ट————————यूनिटों में से *——————यूनिट और बकाया यूनिटों, यदि हों, के लिए 50 यूनिटों के गुणजों में नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया जाए।

1 "60" दिनों के स्थान पर 19-12-94 को शामिल किया गया।

मुझे यूनिटों के मूल्य का भुगतान ** चेक/बैंक ड्राफ्ट द्वारा किया जाए ।

साक्षी का हस्ताक्षर

सदस्य/नामिति/विधिक उत्तराधिकारी का हस्ताक्षर

नाम :

पता :

नाम :

पता :

केवल कार्यालय के प्रयोग के लिए

स्वीकृति तिथि

*50 यूनिटों के गुणकों में—

**लागू न होने वाले शब्द काट दें ।

फार्म ए

— चिन्ह —

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मास्टर ईक्विटी प्लान, 1995

यूनिट प्रमाणपत्र

(खण्ड 19)

यह प्रमाणित किया जाता है कि भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) के उपबंधों के अधीन बनायी गयी विनियमावली और आयकर अधिनियम 1961 की धारा 88 के अधीन बनाये गये मास्टर ईक्विटी प्लान, 1995 (एमईपी-95) के अन्तर्गत, इस प्रमाणपत्र में नामांकन व्यक्ति मास्टर ईक्विटी प्लान—1995 का सदस्य है और इसमें उल्लिखित यूनिटों, जिसका प्रत्येक का अंकित मूल्य 10/- रु० का पंजीकृत धारक है ।

यूनिट प्रमाणपत्र सं०

यूनिटों की संख्या (अंकित मूल्य रु० 10/- प्रति यूनिट)

सदस्य का नाम

कृते भारतीय यूनिट ट्रस्ट

अध्यक्ष न्यासी

स्थान :

दिनांक :

सं० यूटी/डीबीडीएम/680ए/एसपीडी 185/93-94—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनाये गये पूंजी वृद्धि यूनिट योजना 1992 (सीजीयूएस 1992) के प्रावधानों के संशोधन जो 19 दिसम्बर 94 हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किये गये इसके नीचे प्रकाशित किए गए हैं ।

एस० के० दासगुप्ता

संयुक्त महाप्रबन्धक

व्यवसाय विकास और विपणन विभाग

पूंजी वृद्धि यूनिट योजना 1992 (सीजीयूएस 1992) के प्रावधानों में संशोधन "यूनिटों की बिक्री" के खण्ड 8 को निम्नलिखित रूप से संशोधित किया गया है :

—

ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री के लिए संविदा को स्वीकृति तिथि को समाप्त हुआ समझा जाएगा । बिक्री के लिए संविदा की ऐसी समाप्ति के बाद, ट्रस्ट या इसके एजेन्ट, जैसा भी मामला हो, इसके बाद जितना जल्दी हो सके, आवेदक को एक पावती भेजेंगे । इसके बाद जल्द से जल्द ट्रस्ट आवेदक को 100 यूनिटों के विपणन योग्य लाट में अधिकतम 20 प्रमाणपत्र जारी करेगा और इससे अधिक के निवेश के लिए उन्हें दिये गए शेष यूनिटों के एक समेकित प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा । यह समेकित प्रमाणपत्र यूनिट धारक के अनुरोध पर एक बार बिना किसी लागत के विभाजित किया जाएगा ।

तथापि, यूनिट धारक के लिखित अनुरोध पर ट्रस्ट अपने विवेकानुसार और आवश्यक परिचालन और क्रियाविधि संबंधी औपचारिकताओं का अनुपालन किए जाने पर विपणन योग्य लाटों में जारी किए गए ऐसे प्रमाण-पत्रों को प्रत्येक 10,000 यूनिटों के मूल्य वर्ग में समेकित करेगा। शेष यूनिट, प्रत्येक 100 यूनिटों के लाटों में जारी किए जाएंगे। 10,000 यूनिटों के मूल्य वर्ग में जारी यूनिट प्रमाण-पत्रों को यूनिट धारक के अनुरोध पर एक बार, बिना किसी लागत के 100 यूनिटों के गुणकों में विभाजित कर दिया जाएगा। पुनर्खरीद/अंतरण/प्रेषण/जमा प्रमाण-पत्र में सम्मिलित यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए ट्रस्ट/यूनिट धारक अपेक्षित क्रियाविधिक/परिचालन संबंधी औपचारिकताओं का अनुपालन करेंगे।

"यूनिट प्रमाण-पत्र का फार्म" के खण्ड 18 को निम्नलिखित रूप से संशोधित किया गया है।

100 यूनिटों के विपणन योग्य लाटों में जारी यूनिट प्रमाण-पत्र संलग्न फार्म ए के अनुसार होंगे और 10,000 यूनिटों के मूल्य वर्ग में जारी प्रमाण-पत्र संलग्न में फार्म बी के अनुसार होंगे। प्रत्येक यूनिट प्रमाण-पत्र में विभेदक संख्या (संख्याएं), प्रमाण-पत्र में सम्मिलित यूनिटों की संख्या और यूनिट धारक के नाम होंगे।

(भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 के अधीन निर्मित)

पूंजी वृद्धि यूनिट योजना – 1992 (मास्टरगेन– 92)

यह प्रमाणित किया जाता है कि इस प्रमाणपत्र में नामांकित व्यक्ति भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (63का 52) उसके अधीन बनाये गये विनियमों और पूंजी वृद्धि यूनिट योजना (1992) (मास्टरगेन - 92) के अधीन निम्नलिखित यूनिटों का/के पंजीकृत धारक है / हैं प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपये है।

रजि० फोलियो सं० एम० जी.　　　　यूनिट प्रमाणपत्र क्रमांक

धारकों का/के नाम

यूनिटों की संख्या　　दस हजार केवल　　(***10,000)

विभेदक संख्या (संख्याएं) संलग्न के अनुसार (संलग्न प्रमाणपत्र का एक अभिन्न भाग है।

समेकित स्टाम्प शुल्क अदा किया गया　　　　कृते भारतीय यूनिट ट्रस्ट

जारी करने की तारीख

स्थान

कार्यपालक न्यासी　　　　अध्यक्ष

पीछे दिए गए मास्टरगेन – 92 के अंतर्गत यूनिटों के अंतरण का ज्ञापन

दिनांक	अंतरण सं०	रजि फोलियो सं०	अंतरिती (यों) का/के नाम	लघु हस्ताक्षर	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

मास्टरगेन –92 के अन्तर्गत सभी यूनिटों का पुनर्खरीद फार्म

तारीख

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मैं / हम———————————————————————————————

इस प्रमाणपत्र में शासित मास्टरगेन – 92 के अन्तर्गत सभी यूनिटों की स्वीकृत तिथि को पुनर्खरीद के मूल्य पर पुनर्खरीद का प्रस्ताव करता हूं / करते हैं पुनर्खरीद की राशि का मूल्य मुझे / एवं अपने खर्च पर चैक / बैंक ड्राफ्ट द्वारा भुगतान किया जाए।

धारक (धारकों) का/के हस्ताक्षर

साक्षी का हस्ताक्षर

नाम :

व्यवसाय :

पता :

स्वीकृति की तारीख :

मास्टर गेन 92 के सम्बन्ध में सभी पत्राचार रजिस्ट्रार के नाम जिसका पता नीचे अंकित है करें :–

मैसर्स डाटामेटिक्स लि० यूनिट : भा० यू० ट्रस्ट मास्टरगेन 92 प्लाट नं० ए. 16 और 17 एम० आई० डी०सी० पार्ट बी० क्रॉस लेन एम० आई० डी०सी० पोलीस स्टेशन के पीछे अंधेरी (पूर्व) बम्बई –400093

(भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 के अंतर्गत निगमित)

पूंजी वृद्धि यूनिट योजना 1992 (मास्टर गेन–92)

10,000 यूनिटों के प्रमाणपत्र का संलग्नक निम्नलिखित प्रमाण पत्रों / समेकित विभेदक संख्याओं के स्थान पर जारी किया गया

क्र०स०	पूर्व प्रमाण पत्र सं०	रजि० फोलियो सं० एम० जी० विभेदक सं०	यूनिटों की सं०	प्रथम धारक का नाम क्र० सं०	पूर्व प्रमाणपत्र सं०	यूनिट प्रमाणपत्र विभेदक सं०	क्रमांक यूनिटों की सं०

कृते भारतीय यूनिट ट्रस्ट

कार्यालय न्यासी

दिनांक 18 जनवरी 1995

सं० यूटी/डी बी डी एम/723 ए/एस पी डी-84/94-95—भारतीय यूनिट ट्रस्ट, अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अन्तर्गत बनाये गए यूनिट योजना 1995 के उपबंध जो 21 नवम्बर 1994 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किये गये और दिनांक 26 दिसम्बर 1994 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में संशोधित किए गए, इसके नीचे प्रकाशित किये जाते हैं।

ए० के० दासगुप्ता,
संयुक्त महा प्रबन्धक
व्यवसाय विकास और विपणन

यूनिट योजना 1995

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय यूनिट ट्रस्ट का न्यासी मंडल एतद्द्वारा निम्नलिखित योजना बनाता है।

1. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरम्भ :

(1) यह योजना यूनिट योजना 1995 कहलाएगी।

(2) यह उस दिन से आरम्भ होगी जैसा यूनिट ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा निश्चय किया जाएगा।

योजना के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री बही बंदी के अवधि को छोड़कर, जो वर्ष में 1[45] दिनों से अधिक नहीं होगी पूरे वर्ष के दौरान खुली रहेगी।

परन्तु यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष 2[शुद्ध, शेयर बाजारों में व्यापार में बाधा जैसी परिस्थितियों और अन्य समाज-आर्थिक कारणों से] अखबारों में 15 दिनों का नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति में जैसा यूनिट ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए, योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं।

1. 26-12-94 को '60' के स्थान पर शामिल किया गया।
2. 26-12-94 का जोड़ा गया।

2. **परिभाषाएं :**

इस योजना में, जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(1) ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए आवेदक द्वारा ट्रस्ट को भेजे गए आवेदन पत्र के संदर्भ में "स्वीकृति तिथि" का अर्थ उस तिथि से है जब ट्रस्ट आवेदन-पत्र के सही होने से संतुष्ट होकर उसे स्वीकार करता है।

(2) "अधिनियम" का अर्थ है भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963;

(3) "आवेदक" का अर्थ है योजना के अन्तर्गत आवेदक और जब मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिट बेचे जाएं तो आवेदन-पत्र में उल्लिखित वैकल्पिक आवेदक इसमें शामिल होगा।

(4) "निगमित निकाय" में सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत समिति शामिल होगी, जब तक संदर्भ का अन्यथा अर्थ न हो ऐसी समिति को इसके बाद "समिति" कहा जाएगा।

(5) "पात्र ट्रस्ट" का वह अर्थ होगा जो विनियमनों के विनियमन 2 के खण्ड (ए ए ए) में समनुदेशित किया गया है।

(6) "मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति" का अर्थ वह व्यक्ति है जो मानसिक रूप से ऐसे विकलांग हैं कि वह जीवन के सामान्य क्रियाकलाप करने में असमर्थ हैं और किसी पंजीकृत मैडिकल प्रैक्टिशनर द्वारा ऐसा प्रमाणित किया गया है।

(7) "निर्गत यूनिटों की संख्या" का अर्थ है बेचे गये और बकाया यूनिटों की संख्या।

(8) "पंजीकृत शेयर बाजार" का अर्थ है ऐसे शेयर बाजार से है, जो प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) के अधीन फिलहाल मान्यता-प्राप्त शेयर बाजार है।

(9) "विनियमावली" का अर्थ है, अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत बनायी गयी भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली, 1964।

(10) "सेबी" का अर्थ है, भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड जिसे प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम, 1992 (15 का 1992) के अंतर्गत स्थापित किया गया है।

(11) यूनिट का अर्थ है—इस योजना से संबंधित, यूनिट पूंजी में एक सौ रुपये के अंकित मूल्य का एक अविभक्त शेयर।

(12) "यूनिट ट्रस्ट" या "ट्रस्ट" का अर्थ अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट है।

(13) सभी अन्य अभिव्यक्तियों के, जो इसमें परिभाषित नहीं की गई हैं, लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित की गई हैं, वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम/विनियमावली में समनुदेशित किए गए हैं।

3. **प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य :**

योजना के अंतर्गत जारी प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य एक सौ रुपये होगा।

4. **यूनिटों के लिए आवेदन :**

(1) इस योजना के अन्तर्गत यूनिटों के लिए आवेदन निम्नलिखित श्रेणियों के व्यक्तियों द्वारा किए जा सकते हैं।

(1) कोई भी व्यक्ति एकल या अन्य व्यक्ति के साथ उनमें से कोई नाबालिक न हो, संयुक्त/कोई एक या उत्तरजीवी आधार पर।

(2) कोई कम्पनी या अन्य निगमित निकाय।

(3) कोई कम्पनी या अन्य निगमित निकाय किसी दूसरी कम्पनी के साथ या निगमित निकाय या किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ, उनमें से कोई नाबालिग न हो।

(4) नाबालिग की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या विधिक अभिभावक।

(5) पात्रट्रस्ट विनियमों में दी गई परिभाषा के अनुसार और विनियमों में दी गई सीमा तक।

(6) हिंदू अविभक्त परिवार (एच यू एफ)

(7) कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति के हित के लिए जो मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति है।

(8) कोई भी व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत क्षमता में या सरकार या न्यायालय के अधिकारी की क्षमता में आवेदन कर सकता है।

(9) अनिवासी भारतीय (एन आर आई), विदेशी कारपोरेट निकाय (ओ सी बी) अन्य विदेशी निगमित निकाय और कम्पनियां आवेदन कर सकती हैं।

अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित ऐसे आवेदक या आवेदकों की श्रेणियां भी आवेदन कर सकती हैं जिन्हें अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया जाए।

(2) आवेदन भारतीय यूनिट ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित प्रपत्र में किए जाएंगे।

(3) गैर-व्यक्तिनिवेशकों द्वारा यूनिटों के लिए आवेदन ऐसे व्यक्तियों द्वारा किए जाएंगे, जो निवेशकों को शामिल करने वाले स्थापना चार्टर, नियमों और अधिनियमों, स्थापना आदि के द्वारा इस संबंध में विधिवत रूप से प्राधिकृत हों।

(4) यूनिटों के लिए आवेदन ऐसे दस्तावेजों के साथ किया जाना चाहिए जो ट्रस्ट द्वारा निर्धारित किए जाएं।

(5) एन आर आई ओ सी बी, अन्य विदेशी निगमित निकाय और कम्पनियों द्वारा किया गया कोई भी निवेश समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बनाए गए नियमों, विनियमों और दिशा निर्देशों द्वारा संचालित होगा ।

5. नाबालिग, निगमित निकाय आदि का पंजीकरण और उनके द्वारा आवेदन :

(1) निगमित निकाय यूनिट धारक के रूप में या संयुक्त यूनिट धारक के रूप में पंजीकृत किया जाएगा ।

(2) नाबालिग की ओर से कोई वयस्क चाहे वे माता-पिता हों सौतेले माता-पिता हों या अन्य विधिक अभिभावक हों, अधिनियम की धारा 21 की उप धारा (2 ए) के अनुसार और उसमें दी गई सीमा तक यूनिटों का धारण और व्यवहार करेंगे । ऐसे वयस्क ऐसी विनिर्दिष्ट पद्धति में, नाबालिग की आयु और नाबालिग की ओर से यूनिटों के धारण और व्यवहार की क्षमता का सबूत ट्रस्ट को देंगे ।

ट्रस्ट आवेदन पत्र में ऐसे वयस्क द्वारा दिए गए विवरणों के आधार पर बिना कोई अन्य साक्ष्य मांगे कार्य करने का हकदार होगा ।

(3) जहां कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति के हित के लिए आवेदन करता है, जो मानसिक रूप से विकलांग है तो ट्रस्ट उनके द्वारा दिए गए विवरणों और प्रमाण पत्रों के आधार पर काम करेगा और ऐसा करने में यह समझा जाएगा कि ट्रस्ट ऐसा कार्य सद्भावना में कर रहा है । ट्रस्ट केवल आवेदक के साथ व्यवहार करने का हकदार होगा और उसकी मृत्यु होने की स्थिति में सभी व्यवहारिक प्रयोजनों के लिए वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करने का हकदार होगा और उक्त आवेदक या वैकल्पिक आवेदक को ट्रस्ट द्वारा यूनिटों के संबंध में कोई भी भुगतान ट्रस्ट के लिए सही उन्मोचन समझा जाएगा ।

(4) कंपनी या अन्य निगमित निकायों द्वारा आवेदन के साथ संबंधित दस्तावेज होने चाहिए जो आवेदक की यूनिटों में निवेश करने की सक्षमता दर्शाते हों, जैसे संस्था के बहिर्नियम और अंतर्नियम, उपनियम, प्रबंध निकाय के संकल्प की प्राधिकृत प्रति, और आवश्यक मुख्तारनामें की प्रति ।

(5) फर्म या अन्य व्यक्तियों के संघ को (जो निगमित नहीं हैं) यूनिटधारक के रूप में पंजीकृत नहीं किया जाएगा ।

(6) संयुक्त धारकों के रूप में दो व्यक्तियों से अधिक व्यक्ति समझे नहीं होंगे ।

(7) अपनी अधिकाधिक क्षमता में यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को उसके आधिकारिक नाम में यूनिट जारी किए जाएंगे ।

6. निवेश की न्यूनतम राशि

न्यूनतम निवेश एक लाख यूनिटों का और पचास हजार यूनिटों के गुणकों में होगा, और उसके बाद ट्रस्ट यथा आवश्यकता स्वविवेक से अधिकतम सीमा निर्धारित करेगा ।

7. राशि जुटाने का न्यूनतम लक्ष्य

योजना शुरू होने के प्रारंभिक वर्ष में योजना के अंतर्गत 50 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य है । बाद के वर्षों के लिए लक्ष्य उन वर्षों के आरंभ में निर्धारित किया जाएगा । यदि योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री खुलने के 45 दिनों के भीतर उक्त लक्ष्य राशि का 60% अभिदत्त नहीं होता है तो ट्रस्ट आदाता खाता चेक/वापसी आदेश द्वारा, योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री खुलने के 45 दिनों से 6 सप्ताहों के भीतर वसूल की गई पूरी राशि को वापस करेगा ।

[1][उक्त अनुबद्ध अवधि के अंदर राशि वापस न करने की स्थिति में, योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री खुलने के 45 दिनों से 6 सप्ताहों की समाप्ति पर, ट्रस्ट आवेदकों को 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने का जिम्मेदार होगा] ।

8. खर्चों की सीमा :

प्रारम्भिक निर्गम खर्च योजना के अंतर्गत वसूल की गई निधियों के 6% से अधिक नहीं होगा । प्रारम्भिक निर्गम खर्चों को छोड़कर योजना का कुल खर्च, किसी भी लेखा वर्ष के दौरान बकाया शुद्ध आस्तियों के औसत के 3% से अधिक नहीं होगा ।

9. भुगतान विधि :

(1) आवेदक द्वारा आवेदित यूनिट के लिए आवेदन पत्र के साथ चैक या ड्राफ्ट द्वारा भुगतान किया जाएगा । यदि जहां आवेदन पत्र यूटीआई के शाखा कार्यालयों में प्रस्तुत किया जाए तो आवेदन पत्र जमा करने वाली शाखा जिस शहर में हो, चैक या ड्राफ्ट उसी शहर के बैंकों की शाखाओं पर आहरित होना चाहिए ।

परन्तु यदि आवेदक किसी ऐसे स्थान से जहां पर यूटीआई का कार्यालय न हो आवेदन पत्र देय बैंक ड्राफ्ट प्रभार घटाकर भेज सकता है ।

(2) यदि भुगतान चैक द्वारा किया गया है तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा चैक प्राप्त करने की तिथि होगी, बशर्ते कि चैक की राशि की वसूली हो जाए ।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया गया हो तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट जारी करने की तारीख होगी, बशर्ते कि ऐसे ड्राफ्ट वसूली हो जाए । परन्तु यह भी कि, ट्रस्ट या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र को आवेदन पत्र ऐसे समय के भीतर प्राप्त हो जाए जो ट्रस्ट द्वारा उचित समझा जाए । यदि आवेदित यूनिटों के भुगतान के लिए अदा की गयी राशि आवेदित यूनिटों के लिए देय राशि से कम हो तो आवेदक को उतनी ही कम संख्या में यूनिट जारी किए जाएंगे जितने योजना के अन्तर्गत किए जा सकते हैं । तथा शेष राशि उसको उसके खर्च पर इस तरह वापस की जाएगी, जैसा ट्रस्ट सही समझे ।

---

[1] 26-12-94 को जोड़ा गया ।

(3) **आवेदन पत्र स्वीकार या अस्वीकार करने का ट्रस्ट का अधिकार :**

योजना के अन्तर्गत यूनिट जारी करने के लिए आवेदन पत्र स्वीकार करने और/या अस्वीकार करने का एक मात्र स्वविवेकाधिकार ट्रस्ट का होगा । योजना में आवेदन करने की किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के संबंध में ट्रस्ट का निर्णय अन्तिम होगा ।

(4) **अपूर्ण आवेदन पत्र निरस्तीकरण के भागी होंगे :**

यदि आवेदन पत्र अपूर्ण पाया जाए तो उसे रद्द किया जा सकेगा और प्रक्रिया संबंधी औपचारिकता पूरी होने के बाद ट्रस्ट यथाशीघ्र बिना किसी देयता के, चाहे वह ब्याज के लिए हो या अन्य कोई राशि हो, आवेदन राशि वापस कर देगा ।

(5) **यूनिट जारी होने से पहले आवेदक को योजना के अन्तर्गत अपेक्षा का अनुपालन करना होगा :**

योजना में यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं पूरी करनी होंगी । ट्रस्ट की संतुष्टि के लिए ऐसी अपेक्षाओं का पालन करना या न करना ट्रस्ट के पूर्ण स्वविवेक पर निर्भर होगा । जो व्यक्ति गलत घोषणा कर यूनिट रखेगा वह सदस्यता निरस्त किए जाने का भागी होगा और उसका नाम सदस्य पंजी से काट दिया जाएगा । ऐसी स्थिति में ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह यूनिटों की पुनर्खरीद ऐसे मूल्य पर लें, जो ट्रस्ट द्वारा तय किया जाए और गलती से किये गये आय वितरण के भुगतान की वसूली पुनर्खरीद राशि से कर लें और शेष राशि वापस कर दें । इस राशि पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा, चाहे ट्रस्ट को पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि प्रेषित करने में जितना भी समय लगे ।

(6) कोई व्यक्ति किसी बैंकर या अन्य संस्था के साथ, उन्हें यह अधिकार देकर यह व्यवस्था कर सकता है कि विधि के अनुसार, वे समय-समय पर उसकी ओर से यूनिट ट्रस्ट से यूनिट खरीद सके ।

(10) **यूनिटों की बिक्री :**

यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री संविदा स्वीकृति तिथि को पूरी हुई मानी जाएगी । ट्रस्ट इसके बाद बेचे गए यूनिटों को दर्शाते हुए यूनिट प्रमाण पत्र, पंजीकृत डाक द्वारा, आवेदक द्वारा दिए गए पते पर भेजेगा । यूनिट ट्रस्ट यूनिट प्रमाण पत्र को यथाशीघ्र लेकिन आवेदन पत्र की स्वीकृति तिथि से छः सप्ताहों के भीतर भेजने का प्रयत्न करेगा । 1[ ] यूनिट ट्रस्ट की ऐसे भेजे गये प्रमाण पत्र के खो जाने, क्षतिग्रस्त होने या गलत सुपुर्दगी या गैर सुपुर्दगी के लिए कोई देयता नहीं होगी ।

ट्रस्ट द्वारा निगमित निकाय को जारी यूनिट प्रमाण पत्र ऐसे निगमित निकाय के नाम पर बनाया जाएगा ।

11. **निवेश का उद्देश्य :**

50% से अनधिक निधि का ईक्विटी और ईक्विटी सम्बद्ध लिखतों में और शेष को ऋण और मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश किया जाएगा ।

12. **निवेश सीमा :**

1. सभी ऋण लिखतों जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाता है, उनका निवेश दर्जे का निर्धारण क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी द्वारा किया जाएगा ।

परन्तु यदि ऋण लिखत का दर्जा निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा ।

2. इस योजना द्वारा कोई मीयादी ऋण नहीं दिये जाएंगे ।

3. निजी रूप से नियोजित डिबेंचरों, प्रतिभूत ऋणों और अन्य अनुधृत ऋण लिखतों में निवेश योजना की कुल आस्तियों के 10% से अधिक नहीं होगा ।

4. किसी भी कंपनी के शेयरों में योजना की निधि के 5% से अधिक भाग का निवेश नहीं किया जाएगा ।

5. इस योजना की निधियों सहित यूनिट ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों का 10% से अधिक किसी एक कंपनी के शेयरों, डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों में निवेश नहीं किया जाएगा ।

6. इस योजना की निधियों सहित यूनिट ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों का 15% से अधिक किसी एक उद्योग के शेयरों, और डिबेंचरों में निवेश नहीं किया जाएगा ।

परंतु उस योजना के लिए यह प्रावधान लागू नहीं होगा जिसे एक या अधिक विनिर्दिष्ट उद्योगों में निवेश के लिए शुरू किया गया हो और इस आशय की घोषणा पेशकश पत्र में की गयी हो ।

7. 1[इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब —

(क) उद्धृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पाट आधार पर किए गए हों ।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं ।]

8. ट्रस्ट की अन्य किसी योजना/प्लान में यह योजना निवेश नहीं करेगी या उसे उधार नहीं देगी ।

9. योजना अपने निवेशों के वित्त पोषण के लिए निधियां उधार नहीं लेगी ।

---

1. 26-12-94 को निकाला गया, "या ऐसी बढ़ाई गई अवधि के लिए सेबी के परामर्श से यूनिट ट्रस्ट द्वारा तय की जाए"।

13. यूनिटों की पुनर्खरीद :

(1) कोई भी पुनर्खरीद [1][योजना आरंभ होने की तिथि से 90 दिनों के भीतर] नहीं की जाएगी ।

(2) (1) यूनिट ट्रस्ट यूनिटों को एनएवी आधारित पुनर्खरीद मूल्य पर पुनर्खरीद [2][योजना के आरंभ होने के 90 दिनों के बाद] करेगा । बशर्ते ट्रस्ट संतुष्ट हो कि इस संबंध में सभी औपचारिकताएं पूरी हो गयी हैं । जैसा कि इसके खंड (3) में विशेष रूप से विवरण दिया गया है ।

बशर्ते कि ऐसी की गई पुनर्खरीद से यूनिट धारक की यूनिट धारिता पचास हजार यूनिटों के गुणक के अतिरिक्त किसी दूसरे रूप में न हो ।

(2) यूनिट धारक को यूनिटों को पुनर्खरीद के लिए पेश करने के लिए कोई बाध्यता नहीं होगी जैसे कि ऊपर उप-खण्ड 2(1) में दिया गया है और वह योजना चालू रहने के दौरान अपनी इच्छानुसार उसको धारण किया जा सकता है ।

(3) इसके उप-खण्डों में दिए गए प्रावधानों के अधीन, यूनिट ट्रस्ट यूनिट धारक द्वारा पुनर्खरीद के लिए अनुरोध किए जाने पर, यूनिट प्रमाण पत्र में दिखाए गए यूनिटों के विनिर्दिष्ट भाग के यूनिटों की, जैसा भी मामला हो, पुनर्खरीद करेगा । ये यूनिट हमेशा पचास हजार के गुणकों में होने चाहिएं । इस तरह प्राप्त यूनिट प्रमाण पत्र ट्रस्ट द्वारा रद्द करने के लिए रख लिए जाएंगे । यूनिट प्रमाण पत्र में निर्दिष्ट आंशिक यूनिटों की पुनर्खरीद करने पर यूनिट ट्रस्ट यूनिट धारक को शेष यूनिटों के लिए एक नया यूनिट प्रमाण पत्र जारी करेगा ।

(4) स्वीकृति तिथि को पुनर्खरीद के लिए संविदा समाप्त मानी जाएगी ।

(5) यूनिट ट्रस्ट द्वारा पुनः खरीदे गए यूनिटों के लिए स्वीकृति तिथि के बाद जितना जल्दी हो सके भुगतान किया जाएगा । भुगतान ऐसे ढंग से किया जाएगा जैसा आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में सूचित किया गया हो । आवेदक के देय राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज अदा नहीं किया जाएगा और प्रेषण का खर्च (डाक खर्च सहित) या ट्रस्ट द्वारा भेजे गए ड्राफ्ट या चैक की वसूली का खर्च, आवेदक द्वारा ही दिया जाएगा ।

14. यूनिटों की पुनर्खरीद और बिक्री पर प्रतिबन्ध :

योजना के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी भी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों की बिक्री/पुनर्खरीद के लिए—

(1) ऐसे दिन, जो कार्य-दिवस न हों, और

(2) ऐसी अवधि में जब बही और लेखे की वार्षिक बन्दी (ट्रस्ट द्वारा यथा अधिसूचित) के संबंध में यूनिट धारकों की पंजी बन्द हो, बाध्य नहीं होगा ।

स्पष्टीकरण : इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य-दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो (1) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में पराक्रम्य लिखत अधिनियम 1881 के अन्तर्गत अधिसूचित हो और/या (2) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट का कार्यालय बन्द रहेगा ।

15. स्वीकृति तिथि को बिक्री या पुनर्खरीद :

यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की प्रत्येक बिक्री और पुनर्खरीद स्वीकृति तिथि पर उस दिन को प्रचलित मूल्य पर होगी ।

16. बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य :

(1) यूनिट ट्रस्ट द्वारा बेचे जाने वाले यूनिट का मूल्य (जिसे इसके बाद "बिक्री मूल्य" कहा जाएगा) और यूनिट ट्रस्ट द्वारा पुनः खरीदे गए यूनिट का मूल्य जिसे इसके बाद "पुनर्खरीद मूल्य" कहा जाएगा । साप्ताहिक आधार पर घोषित किया जाएगा । योजना की पहले माह के दौरान बिक्री सममूल्य पर होगी । दूसरे माह से बिक्री मूल्य शुद्ध आस्ति मूल्य पर आधारित होगा । पुनर्खरीद मूल्य [1][योजना आरम्भ होने के 90 दिनों के बाद घोषित किया जाएगा किंतु बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य में अंतर, बिक्री मूल्य के 7% से अधिक नहीं होगा] ।

(2) यूनिट का बिक्री मूल्य या पुनर्खरीद मूल्य यूनिट ट्रस्ट के पास उस दिन उपलब्ध सामग्री के आधार पर तय किया जाता है, जिस दिन बिक्री मूल्य या पुनर्खरीद मूल्य जैसा भी मामला हो, तय किया जाता है ।

(3) उप-खण्ड (1) और (2) में किसी भी प्रतिकूलता के होते हुए जब यूनिट ट्रस्ट संतुष्ट हो, कि यूनिट ट्रस्ट यूनिट धारक योजना जारी रहने और वृद्धि के हित में यह करना आवश्यक और व्यावहारिक हो तो यूनिट ट्रस्ट बिक्री मूल्य या पुनर्खरीद मूल्य या दोनों ऐसी दर पर निर्धारित करेगा, जो जरूरी नहीं की [2][शुद्ध, शेयर बाजारों के लेन-देन में बाधा और अन्य समाज-आर्थिक कारण जैसी परिस्थितियों में], जैसा भी मामला हो, उप-खण्ड (1) या (2) के अनुसार हो और ऐसा कोई निर्धारण यूनिट ट्रस्ट और यूनिट धारकों के हित में समझा जाएगा ।

(4) उप-खण्ड (1) से (3) में किसी प्रतिकूलता के होते हुए यदि ऐसा करना यूनिट ट्रस्ट और यूनिट धारक के हित में हो,

1. 26-12-94 को इससे बदला गया "ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा बनाई गई नीतियों के अनुसार निवेशों का अंतरण इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में किया जाएगा" ।

–1. 26-12-94 को इससे बदला गया "प्रारंभिक पेशकश अवधि से आरंभ हो कर नब्बे दिन" ।

2. 26-12-94 को इससे बदला गया "प्रारंभिक पेशकश अवधि से आरंभ हो कर 90 दिन" ।

1. 26-12-94 को इसके स्थान पर "प्रारम्भिक पेशकश अवधि से शुरू होकर 90 दिन" ।

2. 26-12-94 को जोड़ा गया ।

तो यूनिट ट्रस्ट बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य साप्ताहिक आधार के बजाए किसी अन्य आधार पर निर्धारित करेगा और इसके द्वारा निर्धारित किसी भी मूल्य को ऐसी अवधि या अवधियों जिन्हें वह सही समझेगा के लिए प्रभावी समझेगा।

17. बिक्री मूल्य और पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन :

ट्रस्ट बिक्री मूल्य और पुनर्खरीद मूल्य निर्धारित करने के बाद जितना जल्दी संभव हो ऐसी यूनिटों के बिक्री मूल्य और पुनर्खरीद मूल्य को ऐसे ढंग से प्रकाशित करेगा जैसा ट्रस्ट सही समझेगा।

18. इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन :

(क) सूचीबद्ध प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बम्बई स्टाक एक्सचेंज के अंतिम मूल्यों पर किया जाएगा। जो प्रतिभूतियां बम्बई स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं हों उनकी मूल्यांकन उनके प्रमुख स्टाक एक्सचेंजों के अंतिम मूल्यों पर किया जाएगा। यदि मूल्यांकन की तारीख से पूर्व तीन माह से अधिक अवधि तक प्रतिभूति का व्यापार नहीं किया गया हो तो प्रतिभूति का इस ढंग से मूल्यन किया जाएगा जो ट्रस्ट को सही लगे, ताकि बोर्ड द्वारा अनुमोदित मूल्यांकन की विधि के अनुसार इसका सही प्राप्य मूल्य दर्शाया जा सके।

(ख) मुद्रा बाजार लिखतों तथा डिबेंचर सहित अन्य नियत आय वाली लिखतों का मूल्यांकन तुलनीय लिखतों वर्तमान आय और परिपक्वता मूल्य के आधार पर अथवा उस तरीके से किया जाएगा जैसा ट्रस्ट उचित समझे।

(ग) उपरोक्तानुसार निर्धारित मूल्य में, नियत आय वाली प्रतिभूतियों और डिबेंचरों के मामले में प्रोद्भूत ब्याज और ईक्विटी शेयरों के मामले में घोषित लेकिन अप्राप्य लाभांश तथा ट्रस्ट को ऐसी अन्य प्राप्तियां जो प्रोद्भूत हुई हों अथवा प्रोद्भूत होने योग्य हों, जोड़ी जाएंगी।

(घ) अन्य सभी आस्तियां जिनका मूल्यांकन पूर्वोक्तानुसार न किया जा सके, उनका मूल्यांकन बही मूल्य पर किया जाएगा और यदि वह उपलब्ध न हो तो ट्रस्ट द्वारा उचित समझी गई विधि से किया जाएगा।

(ङ.) जो प्रतिभूतियां सूचीबद्ध न हों बोर्ड द्वारा आवधिक रूप से उनके मूल्यांकन की समीक्षा की जाएगी।

आस्तियों का मूल्यांकन सेबी द्वारा यथासमय निर्धारित विनियमों और दिशानिर्देशों के अधीन होगा।

19. शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का निर्धारण :

योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन, योजना के उपबंधों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी से उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की संख्या से भाग कर किया जाएगा। इस शुद्ध आस्ति मूल्य को कम-से-कम दो दैनिक अखबारों में एक सप्ताह से अनधिक अंतरालों में या सेबी द्वारा शुद्ध आस्ति मूल्य के लिए उनके प्रस्तावित दिशानिर्देशों में अनुमोदित अंतरालों में प्रकाशित किया जाएगा। शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन सेबी द्वारा यथासमय निर्धारित विनियमों और दिशा निर्देशों के अधीन होगा।

20 यूनिट प्रमाण पत्र का फार्म .

यूनिट धारक को एक यूनिट प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। यूनिट प्रमाण पत्र इसके साथ अनुबद्ध फार्म ए में होगा। प्रत्येक यूनिट प्रमाण पत्र पर विभेदक संख्या, यूनिटों की संख्या, जिनके लिए प्रमाण पत्र जारी किया गया हो तथा यूनिट धारक का नाम होगा।

21. यूनिट प्रमाण पत्र तैयार करने की विधि :

जैसा बोर्ड समय-समय पर निर्धारित करेगा, यूनिट प्रमाण पत्र उत्तीर्ण या लिथोग्राफ या मुद्रित किया जाएगा और ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट द्वारा विधिवत रूप से अधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षरित होगा। ऐसा प्रत्येक हस्ताक्षर, स्वहस्ताक्षरित होगा या किसी यांत्रिक विधि से लगाया जाएगा। जब तक यूनिट प्रमाण पत्र इस रूप से हस्ताक्षरित नहीं होगा, तब तक वह वैध नहीं होगा। इस रूप में हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाण पत्र इस बात के होते हुए वैध और बाध्यकारी होगा कि उसे जारी करने से पहले कोई व्यक्ति, जिसका हस्ताक्षर उस पर है, ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत व्यक्ति न रहा हो।

परन्तु इस रूप में तैयार किया गया यूनिट प्रमाण पत्र जिसमें प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर हैं, प्रमाण पत्र जारी होने के समय जिसकी मृत्यु हो जाती है तो ट्रस्ट किसी तरीके से जिसे वह सबसे उचित समझता है, प्रमाण पत्र पर विद्यमान उक्त व्यक्ति के हस्ताक्षर को निरस्त कर सकता है और उस पर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर करवा सकता है। इस रूप में जारी यूनिट प्रमाण पत्र भी वैध होगा।

22. जब प्रमाण पत्र के कट-फट जाने, विरूपित हो जाने की स्थिति में प्रक्रिया :

(1) यदि कोई यूनिट प्रमाण पत्र कट-फट जाता है या घिस-पिट या विरूपित हो जाता है तो ऐसे मामले में ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार स्वत्वाधिकारी व्यक्ति को एक नया यूनिट प्रमाण पत्र जारी कर सकता है जिसमें यूनिटों की वही संख्या हो जो कट-फट गए, घिस-पिट गए या विरूपित हो गए प्रमाण पत्र में हो। यूनिट प्रमाण पत्र के खो जाने, चोरी होने या नष्ट होने के मामले में, यूनिट ट्रस्ट अपने विवेकाधिकार पर, उसके बदले में हकदार व्यक्ति को नया यूनिट प्रमाण पत्र जारी कर सकता है। कोई भी नया यूनिट प्रमाण पत्र तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक ने पहले ही :

(1) मूल यूनिट प्रमाण पत्र के कटे-फटे होने, फटा-पुराना हो जाने, विरूपित होने, खो जाने, चोरी या नष्ट हो जाने के संतोषजनक साक्ष्य यूनिट ट्रस्ट को प्रस्तुत नहीं किया हो;

(2) तथ्यों की जांच से संबंधित सभी खर्चों का भुगतान कर दिया हो;

(3) (कट-फट जाने या फटा-पुराना हो जाने या विरूपित होने के मामले में) कटे-फटे, फटे-पुराने या विरूपित होने की स्थिति में वैसा यूनिट प्रमाण पत्र प्रस्तुत और सुपुर्द नहीं कर दिया हो, तथा

(4) यूनिट ट्रस्ट की अपेक्षानुसार उसे क्षतिपूर्ति प्रस्तुत नहीं कर दी हो।

इस खण्ड के उपबंधों के अनुसार यूनिट ट्रस्ट सद्भावपूर्वक ऐसा प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कोई देयता नहीं उठाएगा।

(2) इस खण्ड के उपबंधानुसार प्रमाण पत्र जारी करने के पहले ट्रस्ट यह अपेक्षा कर सकता है कि आवेदक यूनिट प्रमाण पत्र के लिए ट्रस्ट द्वारा निर्गत प्रति यूनिट प्रमाणपत्र के लिए पांच रुपये के शुल्क के साथ, जो ट्रस्ट की राय में स्टाम्प शुल्क, यदि हो, कर और ऐसे प्रमाण पत्र के निर्गम और प्रेषण के संबंध में देय डाक पंजीकरण, प्रभार सहित अन्य खर्च पूरा करने के लिए पर्याप्त हो, का भुगतान करें।

23 यूनिट धारकों की पंजी :

यूनिट धारकों के पंजीकरण के सम्बंध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे :

(1) ट्रस्ट द्वारा यूनिट धारकों की पंजी रखी जाएगी और पंजी में निम्नलिखित दर्ज किए जाएंगे :

(क) यूनिट धारकों के नाम और पते;

(ख) यूनिट प्रमाण पत्र/प्रमाण पत्रों की विभेदक संख्या और हरेक ऐसे व्यक्ति द्वारा यूनिटों की संख्या; और

(ग) वह तिथि जिसको ऐसा व्यक्ति अपने नाम के यूनिटों का धारक हो गया।

(2) यूनिट धारक के रूप में पंजीकरण के लिए ऐसे किसी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि आवेदन पत्र में यूनिटों की संख्या पचास हजार के गुणक में नहीं होगी।

बशर्ते कि जहां, यूनिट धारक की मृत्यु होने पर अन्य कोई व्यक्ति ऐसे यूनिटों का हकदार हो जाता है जो पचास हजार के गुणक में नहीं है, ऐसे व्यक्ति का उक्त यूनिटों की संख्या के सम्बंध में यूनिट धारक के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।

इसके आगे बशर्ते कि यूनिट ट्रस्ट, उचित फार्म में ऐसे व्यक्ति द्वारा ऐसे न्यूनतम यूनिटों की संख्या जो यूनिटों को पचास हजार के गुणकों में बनाने के लिए आवश्यक हो, के लिए आवेदन करने पर उसे बिक्री या पुनर्खरीद कर सकता है। फिर भी, बशर्ते ऐसा व्यक्ति, पंजीकृत होने की तिथि से तीन महीनों के अंदर ऐसी संख्या में यूनिटों की खरीद या बिक्री करता है ताकि यूनिटों की संख्या पचास हजार के गुणक में हो सके।

(3) यूनिट धारक की ओर से उसके नाम और पते के परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी। ट्रस्ट द्वारा ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और यथा अपेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तदनुसार पंजी में परिवर्तन किया जाएगा।

(4) इसके बाद अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार केवल पंजी-बंदी को छोड़कर, कार्य-समय के दौरान (ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत समुचित प्रतिबंधों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिए पंजी के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) यूनिट धारक या यूनिट धारक का प्राधिकृत प्रतिनिधि के निःशुल्क निरीक्षण के लिए पंजी खुली रहेगी।

(5) ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित समय और अवधि के लिए पंजी बंद रहेगी, लेकिन एक वर्ष में 1[45] दिनों से अधिक समय के लिए बंद नहीं रहेगी, और यूनिट ट्रस्ट, बोर्ड के निर्देशक के अनुसार समाचार पत्रों में या अन्य माध्यम से विज्ञापन द्वारा ऐसी बंदी की सूचना देगा।

(6) किसी यूनिट से संबंधित किसी व्यक्ति या यूनिट धारक के सिवाय कोई स्पष्ट निहित और रचनात्मक सूचना पंजी में दर्ज नहीं की जाएगी।

24 यूनिट ट्रस्ट के उन्मोचन के लिये यूनिट धारक द्वारा रसीद : रसीद :

यूनिट धारक द्वारा प्रदत्त राशि के लिए जारी प्रमाण पत्र के यूनिटों के संबंध में उसके द्वारा दी गई रसीद ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा।

25. यूनिट का अंतरण :

इस योजना में जारी की गई यूनिट अंतरणीय/गिरवी रखने योग्य/समनुदेशनीय है।

प्रत्येक यूनिट धारक को उसके द्वारा धारित यूनिटों अथवा कुछ यूनिटों का अंतरण करने का हक होगा और वह अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित फार्म पर लिखित रूप में लिखत द्वारा किया जाएगा। यूनिट बशर्ते कि कोई अंतरण पंजीकृत नहीं किया जाएगा यदि ऐसे पंजीकरण से अंतरणकर्ता या अंतरिती ऐसे यूनिटों के धारक बनते हैं जहां यूनिटों की संख्या पचास हजार के गुणक में नहीं है।

बशर्ते कि केवल खण्ड 4 में उल्लिखित श्रेणियों के व्यक्तियों को छोड़कर, कोई किसी अन्य को अंतरण नहीं किया जाएगा।

(2) अंतरण का प्रत्येक लिखत अंतरणकर्ता और अंतरिती द्वारा हस्ताक्षरित होंगे और अंतरणकर्ता उस समय तक अंतरित यूनिटों का धारक होगा जब तक कि रजिस्टर में अंतरिती के नाम की प्रविष्टि नहीं हो जाती।

(3) अंतरण का प्रत्येक लिखत विधिवत रूप से स्टाम्प किए जाएंगे (यदि विधि के अंतर्गत स्टाम्प करना आवश्यक हो) और उसे ट्रस्ट को पंजीकरण के लिए संबंधित यूनिट प्रमाण पत्र/पत्रों के साथ दिया जाएगा और अंतरणकर्ता के स्वत्वाधिकार के संबंध में अथवा यूनिटों को अंतरित करने के उसके अधिकार

1. 26-12-94 को "60" के स्थान पर शामिल किया गया।

के संबंध में ट्रस्ट जैसा साक्ष्य चाहेगा, उसे भी प्रस्तुत करना होगा। ट्रस्ट ऐसे यूनिट प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत करने से छुटकारा दे सकता है जो खो गए हों, चुरा लिए गए हों अथवा नष्ट हो गए हों। इसके लिए अंतरणकर्ता को उन अपेक्षाओं को पूरा करना होगा जो उनके स्थान पर जारी करने हेतु उसके द्वारा किए गए आवेदन पर उत्पन्न हुई होतीं।

(4) जब यूनिट अधिकारिक नाम से जारी किए जाते हैं तो वे कार्यालय के प्रत्येक धारक से कार्यालय में उसके उत्तराधिकारी धारक के नाम बिना किसी अंतरण लिखत के अंतरित माने जाएंगे, और वह उस तिथि को या से होगा जब दूसरा कार्यालय का कार्य-भार ग्रहण करता है।

(5) जब कार्यालय का धारक इस प्रकार से धारित यूनिटों का अंतरण ऐसे व्यक्ति के नाम करता है जो कार्यालय में उसका उत्तराधिकारी न हो, तो अंतरण लिखत द्वारा अंतरण किया जाएगा। जो कार्यालय के धारक द्वारा हस्ताक्षरित होगा और उस पर कार्यालय का नाम होगा।

(6) अंतरण के सभी लिखत, जो पंजीकृत हो सकते हैं, ट्रस्ट द्वारा रखे जाएंगे।

(7) जहां पर यूनिटों का अंतरण किया गया हो, ट्रस्ट अंतरिती के जिसका, नाम रजिस्टर में प्रविष्ट किया गया है। अंतरित यूनिटों के लिए एक नया यूनिट प्रमाण पत्र जारी करेगा। जहां पर अंतरणकर्ता ने यूनिट प्रमाण पत्र में उल्लिखित यूनिटों के केवल एक अंश के यूनिटों का अंतरण किया है, तो ट्रस्ट उसके द्वारा अंतरित न किए गए यूनिटों के लिए एक नया यूनिट प्रमाण पत्र अंतरणकर्ता को जारी करेगा। कोई भी यूनिट प्रमाण पत्र जो अंतरिती को अंतरित यूनिटों को सूचित करता है को जारी करने से पहले, ऐसा प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में देय करों या अन्य प्रभारों को शामिल करते हुए, अंतरिती को उस राशि का भुगतान करना होगा, जो ट्रस्ट की राय में पर्याप्त होगा।

[1][इसमें ऊपर उल्लिखित सावधानों के अधीन ट्रस्ट प्रमाण पत्र और अंतरण संबंधी लिखत प्रस्तुत करने के 30 दिनों के भीतर अंतरण का पंजीकरण करेगा और अंतरिती को प्रमाण पत्र वापस करेगा]।

26. अटर्नी द्वारा आवेदन पत्र और अंतरण फार्म पर हस्ताक्षर :

यदि मुख्तारनामा पहले से ही ट्रस्ट की बहियों में पंजीकृत नहीं हो और यदि किसी आवेदन पत्र या अंतरण पत्र पर मुख्तारनामा रखने वाला कोई व्यक्ति जिसे ऐसा करने का अधिकार दिया गया हो, हस्ताक्षर करे तो मूल मुख्तारनामा या उसकी विधिवत नोटरी-कृत प्रमाणित प्रतिलिपि आवेदन पत्र या अंतरण पत्र के साथ जैसा भी मामला हो प्रस्तुत करना चाहिए।

27. यूनिट धारक द्वारा नामांकन :

यूनिट धारक विनियमों में उपबंधित सीमा तक नामांकन करने या निरस्त करने के अधिकार का प्रयोग कर सकता है।

किन्तु, अनिवासियों द्वारा किये जाने वाले नामांकन के मामले में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्मित नियमों द्वारा नामांकन संचालित किया जाएगा।

यदि यूनिट धारक माता-पिता अथवा नाबालिग का विधिक अभिभावक कोई पात्र न्यास, समितियों, कारपोरेट निकाय हो और आवेदक ने मानसिक विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए आवेदन किया हो तो उस को कोई नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा।

28. यूनिट धारक की मृत्यु या दिवालियापन :

(1) यूनिट प्रमाण पत्र के संयुक्त धारकों में से किसी एक की मृत्यु होने के स्थिति में, उत्तरजीवी को यूनिट प्रमाण पत्रों में दर्शाये यूनिटों के हकदार के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जा सकती है। बशर्ते इसमें निहित किसी भी बात के होते हुए भी, किसी अन्य व्यक्ति का कोई भी अधिकार जिसे वह कथित यूनिटों के संबंध में ऐसे उत्तरजीवी के विरुद्ध रखता हो, प्रभावित नहीं होगा।

(2) यूनिट धारक की मृत्यु होने पर नामिती को यूनिटों के हकदार के रूप में मान्यता दी जा सकती है।

(3) यूनिट धारक द्वारा वैध नामांकन न होने की स्थिति में, मृत यूनिटधारक का निष्पादक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 (1925 का 39) के भाग 10 के अन्तर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का धारक वह व्यक्ति होगा, जिसे यूनिट के हकदार के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जा सकती है।

(4) यूनिट धारक की मृत्यु या कम्पनी या कारपोरेट निकाय के समापन या दिवालियापन के परिणाम स्वरूप यूनिटों का हकदार बनने वाला कोई भी व्यक्ति अपने हक का साक्ष्य प्रस्तुत करने पर जो ट्रस्ट की दृष्टि से संतोषजनक हो, दावे के संबंध में दावेदार द्वारा सारी औपचारिकताओं का अनुपालन किए जाने के बाद मृत सदस्य के नाम जमा यूनिटों के या तो पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा अथवा उसे यूनिट धारक के रूप में पंजीकृत किया जाएगा।

(5) नामिती यूनिटों के धारण करने का पात्र होने की स्थिति में उक्त नामिति की इच्छा पर, नामिति मृत के खाते से बकाया यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य प्राप्त करने के बजाय उसे यूनिटधारक के रूप में यूनिटधारण की और यूनिट धारक के रूप में पंजीकृत होने की अनुमति दी जाएगी और न्यूनतम धारण के सम्बन्ध में शर्तों के अधीन उसकी इच्छा के अनुसार यूनिटों को दर्शाते हुए उसे यूनिट प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

यूनिट धारक की [1][योजना के आरम्भ की तिथि से] के दौरान मृत्यु होने की स्थिति में, आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने पर ट्रस्ट दावे का निपटान करेगा और कानूनी उत्तराधिकारी या नामिती के प्रासंगिक खंड (खंडों) में दिए गए विवरणों के अनुसार या ट्रस्ट द्वारा निश्चित किए गए अन्य किसी पद्धति के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

1 26-12-94 को शामिल किया गया।

1. "अवरुद्ध अवधि" के स्थान पर दि० 26-12-94 को शामिल किया गया।

29. आय वितरण :

(1) योजना के अन्तर्गत लाभांश का भुगतान किया जाएगा जो योजना के आय पर निर्भर होगा। लाभांश यदि कोई हो, प्रत्येक वर्ष 30 जून को वार्षिक लेखों की बंदी के बाद जितनी जल्दी हो सके घोषित किया जाएगा।

[1][आय वितरण की स्थिति में, वर्ष के दौरान इस योजना से प्राप्त आय का कम-से-कम 90% भाग लाभांश के रूप में वितरित किया जाएगा।]

(2) यूनिटों के सम्बन्ध में जिसका वह धारक है ट्रस्ट द्वारा घोषित कोई आय प्राप्त कर धारण करना यूनिट धारक के लिए वैध होगा, भले ही उसके द्वारा किसी प्रतिफल हेतु यूनिट अंतरित कर दिए गये हों तथापि जब तक अंतरिती जो अंतरणकर्ता से आय का दावा करता है, आय के देय होने के पन्द्रह दिनों के भीतर प्रमाण पत्र और अंतरण से संबंधित अन्य सभी दस्तावेज, जो प्रावधानों के अंतर्गत या अन्य रूप से उसके नाम में पंजीकृत करने के लिए ट्रस्ट द्वारा मांगे जाएं उन्हें प्रस्तुत नहीं कर देता।

स्पष्टीकरण—इस उपखण्ड में निर्दिष्ट अवधि निम्नलिखित मामलों में विस्तारित की जाएगी :—

